हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर




## विधायक देवेंद्र को हाईकोर्ट ने लगाई पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



विधायक देवेंद्र यादव पर हाई कोर्ट ने पेनाल्टी लगाई है। यह पेनाल्टी जवाब में देरी की वजह से लगाई गई है। उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में न्यायाधीश राकेश मोहन पाण्डेय की एकल पीठ ने देवेंद्र यादव विधायक भिलाई नगर के विरुद्ध चल रहे चुनाव याचिका पर सुनवाई की। याचिकाकर्ता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय के अधिवक्ता ने 21 अगस्त को 3 अंतरिम आवेदन लगाए थे जिस पर न्यायालय ने लगातार तीन अवसर देवेंद्र यादव के अधिवक्ता को जवाब पेश करने हेतु कहा गया किंतु अधिवक्ता द्वारा यह तर्क देते हुए जवाब नहीं जमा किए कि देवेंद्र यादव जेल में बंद है इसलिए हम जवाब प्रस्तुत नहीं कर सकते। हमें देवेंद्र से निर्देश प्राप्त नहीं हो पा रहे।आज भी यही तर्क प्रस्तुत किया गया। जिसका विरोध करते हुए प्रेम प्रकाश पांडेय के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ एन के शुक्ला एवं देवाशीष तिवारी ने कोर्ट को बताया तथा दिखाया कि देवेंद्र यादव जेल से पेशी के दौरान ट्विटर, फेसबुक, सोशल मीडिया में संदेश चला अथवा चलवा रहे है। न्यूज चैनल को बलरामपुर की घटना पर बाइट दे रहे है। बस अपने अधिवक्ता को चुनाव याचिका में निर्देश नहीं दे पा रहे। इस मामले में अगली सुनवाई 20 नवंबर को होगी। कोर्ट ने इस दलील के बाद विधायक देवेंद्र यादव पर 1 हजार रुपए की पेनाल्टी लगाई।






## खबर संक्षेप



### विज्ञान मेला और नाटक प्रतियोगिता आयोजित

**अंडा।** राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं राष्ट्रीय स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाष नगर अंबिकापुर में आयोजित की गई थी। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा दुर्ग से सीडब्ल्यूएसएन कैटेगरी में सोमेश साहू कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान, आर्यभट्ट विज्ञान क्लब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा के लिए रोहन कुमार देशमुख कक्षा बारहवीं विज्ञान, शिक्षण सह निर्माण सामग्री में रेणुका चंद्राकर व्याख्याता भौतिकी ने दुर्ग जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुए। जिसमें आर्यभट्ट विज्ञान क्लब को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा दुर्ग, व्ही पद्मावती, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय अंडा विजय लक्ष्मी राव व समस्त स्टाफ सदस्यों ने बधाई व शुभकामनाएं दिए।

### आबकारी कर्मी कर रहे हफ्ता वसूली, खानापूर्ति के लिए होती है कार्रवाई

# आबकारी विभाग के बनाए नियमों की अनदेखी, अवैध चखना सेंटर संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

पाटन के शराब दुकान में खुले आम शराब दुकानों के पास अवैध चखना सेंटर चल रहा है। आबकारी विभाग के कर्मचारी हर चखना सेंटर से हफ्ता वसूली करते हैं। वहीं खानापूर्ति के लिए महीने में एक दो कार्यवाही भी आबकारी विभाग ने शराब दुकानों के पास चखना सेंटर के लिए आवश्यक नियम बनाए हैं, लेकिन शराब दुकानों के चखना सेंटर में शासकीय नियमों को किस क़दर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं इसका उदाहरण पाटन में देखने को मिल रहा है। पाटन के देशी-विदेशी शराब दुकानों के आसपास अवैध रूप से चखना सेंटर सचलित हो रहे हैं। पाटन नगर पंचायत के शराब दुकानों के पास बकायदा पक्की दुकानें बनाकर ग्राहकों को बैठाकर धड़ल्ले से शराब और चखना परोसा जा रहा है। पीने-पिलाने के बारे में पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारी को भी जानकारी है। वहीं आबकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी चखना सेंटर चलाने वालों से बकायदा हफ्ता भी लिया जा रहा है। विभागीय कार्यवाही द्वारा खानापूर्ती के लिए महीने में एक दो कार्यवाही भी की जाती है जिससे दोनों का काम आसान हो जाता है। इस मामले में आबकारी और चखना सेंटर संचालकों की आपसी मिलीभगत से जगजाहिर होता है कि कार्यवाही के नाम पर केवल खानापूर्ती ही की जा रही है। वहीं प्रदेश भर में आबकारी विभाग द्वारा देशी-विदेशी शराब दुकानों का संचालन किया जा रहा है। शराब दुकानों के आसपास चखना सेंटर पर विभाग द्वारा पूर्ण रूप से पाबन्दी लगाई गई है इसके बावजूद इसके देशी-विदेशी शराब दुकानों के आसपास खुलेआम चखना सेंटर का संचालन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि कार्यवाही महज खानापूर्ति के लिए ही की जाती है। इस कार्यवाही में चखना सेंटर संचालकों से कम जुर्माना लेकर छोड़ दिया जा रहा है। अब देखना होगा कि आबकारी विभाग के उच्च अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में

संचालित हो रहे ऐसे चखना सेंटरों के खिलाफ क्या कार्यवाही करते हैं या सिर्फ दिखावे के लिए है फिर अवैध चखना दुकानों के खिलाफ विभाग की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी या फिर किसी आदेश के मिलने के बाद भी फिर एक बार नई साज-सज्जा के साथ ये अवैध चखना दुकान फिर से नजर आयेगी। सवाल ये उठता ही कि अब तक आबकारी विभाग की नजर इन अवैध चखना दुकानों पर क्यों नही पड़ी। वहीं बड़ा सवाल यह भी है कि किनके इशारों पर अवैध चखना सेंटर का संचालन किया जा रहा है।

**आबकारी विभाग की छत्रछाया में फलफूल रहे चखना सेंटर**



**कार्रवाई करता हूं**

" जब इस मामले में हरिभूमि ने आबकारी अधिकारी को पूछा गया तो एक तुक में बोल दिया गया कार्रवाई करता हू और फोन काट दिए गए।

अरविंद कुमार साहू
आबकारी अधिकारी दुर्ग

## धमधा के होटलों व लाजो में होता है अनैतिक कार्य, प्रशासन मौन



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमधा

धमधा नगर पंचायत क्षेत्र में अनेकों लाज एवम होटल है जहाँ परिवार वालो को रुकने की व्यवस्था की जाती है।वही नगर में अनेको ऐसी लाज एवम होटल है जहाँ बाहर से लड़कियां आती है साथ ही वहाँ अनैतिक कार्य भी किया जाता है। ऐसा कार्य अकेले कोई होटल संचालक नही करता बल्कि इस कार्य में कुछ दलाल लोग भी जुड़े है जो ग्राहक से लेकर लड़कियों की सप्लाई करते है।इस कार्य में दलालो को मोटी कमीशन भी दिया जाता है। कुछ दिनों पहले ओयो होटल में पड़े छापे ने धमधा वालो को हैरान कर दिया है।लोग समझ नही पा रहे हैं कि ऐसा अनैतिक कार्य आखिर किसके संरक्षण में चल रहा है। धमधा धर्म धाम की नगरी को कौन बदनाम कर्म करने में लगा है लोग समझ नही पा रहे है।वही कुछ अधिकारी दबी जुबान यह बता रहे हैं कि इस छापे से बहुत से लोगो के पेट मे दर्द हुआ है। क्योकि उनको भी मोटी कमीशन मिल रहा था।

नगर पंचायत में बिना परमिशन के कई होटल एवम लाज चल रहा है।और इस ओयो होटल में काफी दिनों से बिना परमिशन के होटल चल रहा था।समाचार पत्र में प्रकाशन एवम लिखित शिकायत के बाद आनन फानन में होटल को लाइसेंस दिया गया है ।प्रश्न उठता है कि नगर पंचायत ने बिना जांच के कैसे इस होटल को परमिशन दिया। धमधा नगर के लोगो ने सभी लाज एवम होटल की नियमित जांच एवम अनैतिक कार्य करने वाले ओयो होटल को तत्काल बंद करने की मांग की है।

■ जिम्मेदार अधिकारी नहीं कर रहे कार्रवाई

## बिजनेस साइट

### गार्गी जनरल स्टोर हुआ पांच गुना बड़ा, ग्रैंड ओपनिंग में हुई ऑफर्स की बौछार





**भिलाई।** दीवाली व धनतेरस में अब लोगो को फूल, कांसा, पीतल व स्टील आदि के सामान खरीदने में काफी आसानी होने वाली है क्योंकि ट्विनसिटी के पावर हाउस के 48 साल पुराने गार्गी जनरल स्टोर अब पांच गुना बड़ा हो गया है। गार्गी जनरल स्टोर अपने ग्राहकों को त्यौहारों के सीजन में सुविधा देने के लिए अब सिंगल फ्लोर से 5 फ्लोर तक बना दिया गया है। गुरुवार को 24 से लेकर 26 तक तीन दिवसीय ग्रैंड ओपनिंग की गई। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे ने कहा कि यह दुकान पिछले कई सालों से लोगों के भरोसे पर खरा उतरा है जिसके लिए स्टोर का पांच गुना विस्तार किया गया है। उन्होंने संचालक मिश्रा ब्रदर्स को शुभकामनाएं दी। संचालक सिद्धार्थ मिश्रा ने बताया कि दुकान में पीतल, कांसा, फूल, स्टील सभी क्वालिटी व धातु के सामान सभी रेंज में उपलब्ध है। जिसमें नए सेगमेंट में किचनवेयर, क्रॉकरी, ब्रांस, कापर के पूजा के विभिन्न सामान, होम एलाइसेंस, हाउस होल्ड, मार्डन किचन के चिमनी, आरओ, गैस चूल्हा, शादी के सामान, सहित सभी क्वालिटी के प्रोडक्ट की विशाल रेंज उपलब्ध है। साथ ही दीवाली व अन्य त्योहारी सीजन के कारपोरेट गिफ्ट की विभिन्न वैरायटी रखी गई है जो सभी वर्ग के लोगो को लुभाएंगी। तीन दिवसीय ग्रैंड ओपनिंग में खरीदारी करने पर गिफ्ट व ऑफर्स भी दिये जा रहे है। जो सीमित स्टॉक तक ही दिये जाएंगे। ।

### सेल्फ प्रपोल्ड मिनी कंबाइन हार्वेस्टिंग मशीन की डिलीवरी



**भिलाई।** यूं तो हम सब वीरांगनाओं में ज्यादातर झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को ही जानते हैं लेकिन लक्ष्मीबाई के पहले भी कई वीरांगना आजादी की लड़ाई में अमर हो चुकी है, लेकिन इतिहास के पन्नों पर आज भी विलुप्त सी है। उन्हीं वीरांगनाओं में से एक वीरांगना कर्नाटक राज्य के बेलगावी जिले के छोटे से गांव काकती के गर्भ से 23 अक्टूबर 1778 को जन्म ली अपने योद्धिक कौशल में निपूर्ण होने का लाभ राज्य को प्रदान कर मातृभूमि के लिए शहीद होकर अपना नाम इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में समाहित कर दी। ऐसी वीरांगना को याद कर देश की उत्तरोत्तर वृद्धि की कामना करते हुए गिरजपुर कोरिया जिले के कृषक श्यामलाल कुर्रे ने जीवकोपार्जन के लिए अपने पुत्र विपिन कुर्रे को खेती कार्य में उत्कृष्ट बहुफसली सेल्फ प्रपोल्ड मिनी कंबाइन हार्वेस्टिंग मशीन जो कि बरनाला के कुशल औद्योगिकी सरदार जगजीत सिंह की सफल रचना है पानेसर जी 60 स्ट्रावाकर मशीन दिलवाने कमला मोटर्स दुर्ग आगमन कर प्रथम पूजनीय आराध्य भगवान गणेश की पूजा आराधना कर मशीन की खरीदारी कर स्वयं ही नहीं अपितु पूरे परिवार को गौरवान्वित किए। पनेसर जी 60s ऐसी मिनी कंबाइन हार्वेस्टिंग मशीन है जो कम डीजल खपत पर अविश्वसनीय कटाई कर फसलों से साफ दोनों को अलग कर एवं छोटे-छोटे खेतों पर भी लगभग 180 डिग्री के घुमाव में कार्य कर लघु कृषकों को समृद्ध बनाकर देश की जीडीपी बढ़ाने में 'मिल का पत्थर' साबित हो रही है। यंत्र की डिलीवरी प्रदान करते हुए कोटक महिंद्रा बैंक दुर्ग इकाई के शाखा प्रबंधक मिंटू पाल, देव मोटर्स के संचालक गौकरण साहू एवं कमला मोटर्स के सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, शाखा प्रबंधक खेमचंद गुप्ता, आगंतुक, नंदिता सामंत कनिष्ठ अभियंता , किशोर निषाद बरमेचा एलीवेटर के निरीक्षक अजय चौधरी मशीन की चाबी ग्रहण करते हुए श्यामलाल कुर्रे, विपिन कुर्रे एवं बनवारी लाल आदि थे।

### नरेश टीवीएस में घूमो दुनिया और गिफ्ट ऑफर की धूम



**भिलाई।** रिसाली कृष्णा टॉकीज रोड में स्थित नरेश टीवीएस जो कि टीवीएस कंपनी का एकमात्र अधिकृत विक्रेता है। यहां दिपावली के त्योहारी सीजन पर उपहारों एवं ऑफर की धूम मची हुई है जिसे लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। नरेश टीवीएस के संचालक हिमांशु ने बताया कि हमारे यहां घूमो दुनिया ऑफर के तहत लक्की ड्रा के द्वारा इंटरनेशनल टूर जिसमें बाली, वियतनाम, कंबोडिया जैसे विदेशों की यात्रा निःशुल्क कराने की व्यवस्था है। इसके अलावा हर खरीदी पर निश्चित उपहार प्राप्त करने का ऑफर दिया जा रहा है। जिसमें स्क्रेच करने पर 6 हजार मूल्य तक के गिफ्ट पाने का सुनहरा अवसर ग्राहकों को दिया जा रहा है। कोई भी वाहन खरीदने पर हेलमेट फ्री दिया जा रहा है और एक्सटेंडेड इलेक्ट्रीकल वारंटी एक साल का अतिरिक्त दिया जा रहा है साथ में पेट्रोल फ्री दिया जाएगा। नरेश टीवीएस में सर्विसिंग की सुविधा उपलब्ध है। नरेश टीवीएस में गिफ्ट पाकर ग्राहक खुश हो रहे हैं। यहां नई टीवीएस जूपिटर 110, टीवीएस एनटार्क, राइडर स्पोर्टस, अपाचे, टीवीएस एक्सल 100, इलेक्ट्रीक आइक्यूब आसान किस्तों पर कम डाउन पेमेंट पर बैंक द्वारा फाइनेंस करने की सुविधा उपलब्ध है। ग्राहकों से अपील की गई है कि एक बार नरेश टीवीएस में आकर अवश्य देखें।

### फायर और सेफ्टी औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण में प्रवेश प्रारंभ



**भिलाई।** संस्था फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट भिलाई निजी प्रशिक्षण संस्थान, जिसमें 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, पास छात्र- छात्राओं के लिए फायर एंव सेफ्टी का प्रशिक्षण देते आ रही है। संस्था का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण के द्वारा छात्र-छात्रों को रोजगार उपलब्ध करवाने में मदद करना, संस्था एफएसडीएमआई में 6 महीने या साल भर का एक वर्ष अग्निशमन सुरक्षा एवं औद्योगिक सुरक्षा का प्रशिक्षण चल रहा है संस्था के द्वारा प्रशिक्षण को प्राप्त होने के बाद छात्र एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया, गन-कैरिज फैक्ट्री इटारसी, ब्रेथवेट भारतीय रेल मंत्रालय, भिलाई स्टील प्लांट, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, डी.आर.डी.ओ भारत रक्षा मंत्रालय जगदलपुर, रायपुर मंत्रालय, एनएमडीसी नगरनार जैसी विभिन्न निजी एवं सरकारी कंपनियों में परमानेंट एवं ठेकेदारी बेस से कंपनियों में कार्य कर रहे हैं। संस्था के द्वारा गरीब निम्न वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण शुल्क में छूट की जाती है जिन विद्यार्थियों को इस प्रशिक्षण को प्राप्त करना हो एवं अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें कैंपसः-इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गदा चौक, नजदीक अंबेडकर चौक, भिलाई प्लॉट नंबर-766 वार्ड-11, दशहरा मैदान के सामने,शांति नगर में संपर्क कर सकते हैं।

### चिराग आटोडील को मिल रहा ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद




**भिलाई।** बोरसी रोड महाराजा चौक में स्थित चिराग आटोडील में सभी प्रकार के सेकण्ड हैंड चार पहिया वाहन की बिक्री की जाती है। चिराग आटोडील के संचालक सोनू सोनवानी ने बताया कि हमारे यहां छत्तीसगढ के सभी जिला बेमेतरा, रायपुर, बलौदाबाजार, बालोद, खैरागढ, राजनांदगांव, अंबागढ चौकी, गुण्डरदेही, अभनपुर, मुंगेली के ग्राहक आ करके वाहन लेकर गए हैं और संतुष्ट हैं। नवरात्रि के समय ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा था। दिपावली त्योहार सीजन को देखते हुए गाडी के साथ आकर्षक उपहार दिए जा रहे हैं।
दिवाली धमाका ऑफर के तहत धनतेरस, लक्ष्मीपूजा में जो भी ग्राहक गाडी लेकर के जाएगा उसे गाडी में फूल डीजल, पेट्रोल टंकी में दिया जाएगा। गाडी खरीदने पर चिराग आटोडील में फाइनेंस, आरटीओ एवं इंश्योरेंस की सुविधा दी जा रही है। एसके फाइनेंस के द्वारा आरसी लिमिट डिलर, चिराग आटोडील के द्वारा त्योहार के समय अच्छे बिजनेस और कार्य के लिए एरिया मैनेजर तेजनाथ परगनिहा, ब्रांच मैनेजर नरेन्द्र शर्मा के द्वारा गिफ्ट प्रदान किया गया।

### विनायकपुर स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**अंडा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक,हायर सेकेण्डरी स्कूल विनायकपुर में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना न्योता भोजन का आयोजन यशवंत साहू अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों को न्योता भोजन कराया गया। इस कार्यक्रम में बधाई देने संकुल प्राचार्य मनजीत सिंह राजपूत, संकुल समन्वयक किशोर दिल्लीवार, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक संध्या शिवरामवर, पीएम के प्रधान पाठक टीकेन्द्र कुमार चन्द्राकर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोतीलाल मारकण्डे, स्मृति सोनी अध्यक्ष, भामिनी महार, डॉ.भूषण दिल्लीवार विधायक प्रतिनिधि, इन्द्राणी दिल्लीवार विधायक प्रतिनिधि, ललित बाई साहू, गोदावरी देवांगन, लक्ष्मी साहू, देवेन्द्र देशमुख, विक्रम साहू, दिनेश देशमुख सहित आदि ने बधाई दिया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई-3 के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202410103900022**
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**

विषयः-ब-121 सन्ः-2024-2025
सिरसाकला प.ह.न.00007 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - शकुंतला चंद्राकर, अनावेदक पक्षकार - छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आवेदिका-शकुंतला चंद्राकर (पति-स्व. होरी लाल चंद्राकर) पिता-गोपाल प्रसाद चंद्राकर निवासी-ग्राम तर्रा पोस्ट, व तह. पाटन जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा ग्राम सिरसाकला प.ह.नं.07 रा.नि.म.चरोदा तह. भिलाई-3 जिला-दुर्ग (छ.ग.) में दर्ज सम्मिलित भूमि खसरा नं.359, 360, 361, 362, 450, 546, 358 रकबा 0.34, 1.64, 0.26, 0.03, 0.54, 0.01, 0.20 हेक्टे० पूर्वजो से प्राप्त में आवेदिका का घरेलु नाम भूरी दर्ज हो गया है जिसे आवेदिका द्वारा आनलाईन रिकार्ड में अपना नाम भूरी के स्थान पर शकुंतला चंद्राकर दर्ज करवाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्रकरण दर्ज । उद्घोषणा जारी हो।

अतः उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर लिखित रूप में नियत दिनांक 06/11/2024 तक इस न्यायालय में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

चन्द्रशेखर कंवर
नायब तहसीलदार,
पाटन 2 तहसील पाटन

## सीएचसी निकुम में मिल रहा मरीजों को बेहतर इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ निकुम

दुर्ग जिले के अंतिम गांव निकुम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम ग्रामीण अंचल के गांवों सहित समीपस्थ जिला बालोद के दर्जनभर गांवों के मरीज अब बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलने के कारण निकुम हास्पिटल में ओपीडी में ग्राफ बढ़ रहा है। गौर हो कि लगातार खंड चिकित्साधिकारी निकुम डॉ. एनएल बंजारे स्वास्थ्य सुविधा को लेकर पूरे स्टाफ के साथ लगातार बैठक व स्वास्थ्य सिस्टम को दुरुस्त करने स्वास्थ्य सुविधा में सुधार करने के कारण निकुम अस्पताल में जनसुविधा मिलने से मरीजों के लिए सीएचसी निकुम देवदूत साबित हो रही है, क्योकि कई बार सर्पदंश से कई मरीजो को एंटीजन इंजेक्शन की सुविधा तो निः शुल्क ब्लड डोनेट वही कई बार समय पर आक्सीजन मरीजों को मिलने से सैकड़ों जान बच चुकी है। वहीं क्षेत्र के विधायक ललित चन्द्राकर की सक्रियता से निकुम में 5 नये एमबीबीएस चिकित्सक आने से मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल रही है।

गौर हो कि बीते दशक भर बाद निकुम में ओटी शुरू होने से निकुम अंचल सहित समीपस्थ जिले बालोद से मरीज आ रहे हैं। अप्रेल माह 2024 से आज पर्यन्त तक बीएमओ निकुम डॉ. एनएल बंजारे के मार्गदर्शन में स्त्रीरोग विषेशज्ञ डॉ. किरण लोंधेकर व डॉ. रोशन साहू एनेशथिस्या द्वारा 291 सीटीसी सफल ऑपरेशन, वहीं 88 संस्थागत प्रसव जो कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए सराहनीय कदम साबित हो रहा है और मरीजो को पौष्टिक भोजन, निःशुल्क दवाई सहित कई सुविधाएं मिल रहा है।



**102 महतारी एक्सप्रेस की भी सुविधाः** अस्पाताल में ओपीडी सुविधा, गर्भवती महिलाओं व टीकाकरण के लिए वेंटिग हाल में स्मार्ट टीवी चेयर, ब्लड जांच, एक्स-रे सुविधा, ब्लड बैंक, कोरोना टेस्ट, मरीजों को निःशुल्क भोजन, आपरेशन सुविधा सहित अनेक सुविधाएं मिल रहे हैं।

**समाज सेवी सुरेश ने जताया आभार**



सीएचसी निकुम में चिकित्सकों की कमी असुविधा को लेकर समाजसेवी दिव्यांग सुरेश साहू ने सीएम जनदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व क्षेत्रीय विधायक ललित चन्द्राकर को स्वास्थ्य सुविधा की मांग किया, जिसके कारण मरीजों को बेहतर सुविधा मिल रहा है।

**बेहतर स्वास्थ्य सुविधा ग्रामीण क्षेत्र में मिलेः ललित**



क्षेत्र के विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि जल्दी ही जीवनदीप समिति निकुम की बैठक कर अस्पाताल को बेहतर सुविधा ग्रामीणजनों को मिले, यही प्रयास करगें।

**ग्रामीण क्षेत्रों के मरीज आ रहे**



बीएमओ निकुम डॉ. एनएल बंजारे ने कहा कि अब बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलने से दुर्ग जिले के मरीजों के अलाव बालोद जिले के मरीज भी इलाज कराने निकुम हास्पिटल आ रहे हैं।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
/KitchenGalaxyNXModular
₹ 60,000 ₹ 90,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
बुकिंग प्रारंभ
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

12 धमधा के होटलों व लाजों में होता है अनैतिक कार्य, प्रशासन मौन



12 आबकारी विभाग के बनाए नियमों की अनदेखी, अवैध चखना सेंटर संचालित



### पुष्य नक्षत्र से मार्केट में बढ़ी रौनक, ट्विनसिटी के सभी बाजार हुए गुलजार

# बोनस मार्केट में आने से बूम, ट्रैफिक बनी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गुरुवार पुष्य नक्षत्र से ट्विनसिटी के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। इस नक्षत्र पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। देर रात तक ग्राहकी रही। बीएसपी कर्मियों को बोनस मिलने और सरकारी कर्मियों का डीए बढ़ने के बाद इस बार मार्केट बूम हो गई है। सराफा, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल सेक्टर, कपड़ा मार्केट में अब ग्राहकी बढ़ी है। करोड़ों रुपए का कारोबार इस दिवाली पर होने की उम्मीद व्यवसाईयों ने लगाई है।



### 12500 बीएसपी कर्मियों को मिला है बोनस

भिलाई-दुर्ग का मार्केट सबसे ज्यादा बीएसपी कर्मियों पर टिका हुआ होता है। बीएसपी में करीब 12 हजार 500 कर्मचारी हैं। प्रत्येक कर्मचारियों को बोनस मिल चुका है। इन बीएसपी कर्मचारियों को करीब 26,500 रुपए और अधिकारियों को इससे ज्यादा बोनस प्राप्त हुआ है। बीएसपी कर्मियों के लिए मार्केट में व्यवसाईयों ने स्कीम भी लाए हैं ताकि वे अपनी पंसद के कीमती सामान की खरीदी कर सके।

### मार्केट में सबसे बड़ी चुनौती ट्रैफिक

मार्केट में सबसे बड़ी समस्या ट्रैफिक की सामने आ रही है। दुर्ग इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, सराफा लाइन, स्टेशन रोड, मोती कांपलेक्स सहित स्टेशन रोड में शाम होते ही जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इंदिरा गांधी पुतले के पास चारों तरफ से ट्रैफिक जाम हो रही है। यहां से लोगों का गुजरना मुश्किल हो रहा है। इसी तरह भिलाई के जवाहर मार्केट, सुपेला प्रियदर्शनी परिसर, सुपेला से कोहका रोड, दक्षिण गंगोत्री, छावनी, पावरहाउस मार्केट में लोगों को ट्रैफिक समस्या से जूझना पड़ रहा है। पुलिस और नगरीय निकाय द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए ट्रैफिक प्लान बनाया है लेकिन मैदानी स्तर पर यह सफल दिखाई नहीं देता। इन बाजारों में लोगों ने देर रात तक खरीदी की।

### किश्तों में सामान खरीदी की सुविधा

मार्केट में ग्राहकों को लुभाने के लिए व्यवसाइयों ने कई स्कीम भी लांच की है। खासकर सराफा मार्केट और ऑटोमोबाइलों में सबसे ज्यादा रिस्पांस देखने को मिल रहा है। व्यवसाईयों के मुताबिक सराफा में ज्वेलरी व डायमंड के रेट पर छूट दी जा रही है। रेट के उतार-चढ़ाव से बचने ग्राहकों को जिस दिन का रेट चल रहा है उस पर बुकिंग करने से आगे रेट बढ़ने पर भी उसी दाम में देंगे। लक्की ड्रा सिस्टम से पुरस्कार देने की योजना है। ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी किश्तों में वाहन बेचे जा रहे हैं। अलग-अलग स्कीम भी चलाई जा रही है। यही स्थिति इलेक्ट्रानिक्स व इलेक्ट्रीकल क्षेत्र में भी है। दिवाली त्योहार पर ऑनलाइन मार्केट भी लोकल मार्केट को प्रभावित करने लगा है। चेंबर ऑफ कामर्स ने आया त्योहार चलो बाजार, की मुहिम शुरू किया। व्यवसायी ग्राहकों को जागरूक कर रहे है।

### सरकारी कर्मचारियों में खुशी का माहौल

दुर्ग जिले सहित प्रदेशभर में सरकारी कर्मचारियों की संख्या काफी अधिक है। अकेले दुर्ग जिले में 32 हजार सरकारी कर्मचारी 56 विभागों में काम कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने इन कर्मचारियों का डीए बढ़ा दिया है। जिसकी वजह से सरकारी कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। कर्मचारियों का लाखों रुपए बाजार में विभिन्न प्रकार के समान की खरीदी के लिए आ रहा है।

## दुर्ग-पटना-दुर्ग के मध्य दिवाली स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दीवाली त्यौहार के दौरान ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़भाड़ को कम करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए दुर्ग एवं पटना के मध्य 1 फेरे के लिए दीवाली स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है ।यह ट्रेन दुर्ग से पटना के लिए 08793 नंबर के साथ दिनांक 28 अक्टूबर को रवाना होगी । इसी प्रकार पटना से दुर्ग के लिए 08794 नंबर के साथ 29 अक्टूबर को चलेगी। इस ट्रेन में 02 एसएलआर/एसएलआरडी, 4 सामान्य, 10 शयनयान, 2 एसी-3, 2 एसी-2 सहित 20 कोच रहेगी। दुर्ग स्टेशन यह ट्रेन 12.20 बजे पहुंचेगी और 13.20 बजे छुटेगी। रायपुर स्टेशन 10.15 बजे पहुंचेगी। 10.20 बजे रवाना होगी। भाठापारा स्टेशन 8.15, बिलासपुर स्टेशन 7.10, चापा 6 बजे, रायगढ़ 4.52 बजे, झारसुगड़ा 3.58, राउलकेला 1.20, हटिया 21.55 बजे, रांची 21.25 बजे, मूरी 20.10 बजे, बोकारो स्टील सिटी 19 बजे, गोमो 18 बजे, कोडरमा 15.58 बजे, गया 14.20, जहानबाद 13.20 बजे पहुंचेगी।

एमआईसी की बैठक में निर्णय

## रिसाली बस्ती मैदान का होगा एक करोड़ से सौंदर्यीकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली परिषद ने रिसाली बस्ती मैदान का सौन्दर्यीकरण करने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई है। इस कार्य में 1 करोड़ 76 हजार की राशि खर्च की जाएगी। प्रस्ताव को स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। महापौर परिषद ने ऐसे जगहों को सहेजने का निर्णय लिया है जहां पर अतिक्रमण की संभावना है। ऐसा ही एक बड़ा एरिया रिसाली मुक्तिधाम के सामने है। वार्ड 31 के इस खाली मैदान को पहले समतलीकरण किया जाएगा। महापौर परिषद की बैठक में सद्स्यों ने राशन कार्ड नवीन पीडीएफ की उपलब्धता और वितरण के मंद गति होने से चिंता व्यक्त की। व्यवस्था में सुधार लाने कहा। बैठक में अनिल देशमुख, एम.डी. जहीर अब्बास, संजू नेताम, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, परमेश्वर कुमार, ममता यादव, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे व निगम के विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

### 20 लोगों को पेंशन

महापौर परिषद के सद्स्यों ने 28 पेंशन हितग्राहियों के प्रकरण पर मुहर लगाते खाते में पैसा शीघ्र डालने निर्देश दिए है। पेंशन हितग्राहियों में केन्द्रीय पेंशन योजना के 17, राज्य पेंशन योजना के 4 और राष्ट्रीय परिवार सहायता राशि योजना के 7 प्रकरण है।

### स्थल परिवर्तन कर निर्माण

कुछ वार्डो में सड़क, नाली के कार्य स्थल विवाद की वजह से अटका था। महापौर परिषद ने पटाक्षेप करते हुए न केवल स्थल परिवर्तन किया, बल्कि कार्य को तीव्रता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। महापौर परिषद की बैठक में नए एमआईसी सद्स्यों का परिचय हुआ। वहीं अधिकारियों ने कार्य विभाजन का विस्तृत से जानकारी दी।

## मारपीट व धार्मिक भावनाओं को आहत करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**कुम्हारी** । नगर के खपरी रोड खदान पारा निवासी विक्की गोंड व उसके भाई विकास गोंड पिता आदेश गोंड को एक युवक के साथ मारपीट व नगर में स्थित शिवलिंग को खंडित कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में कुम्हारी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया। दोनों मामलें 21 अक्टूबर का बताया जा रहा है। मारपीट मामले में रितेश यादव पिता अशोक यादव 33 वर्ष निवासी महामाया पारा ने अपनी शिकायत में बताया कि पीने के लिए पानी लेने वह शिव मंदिर के पास स्थित पानी टंकी में गया था। यहां दोनों भाइयों ने हमला कर दिया। पीड़ित जब घर पहुंचा तो आरोपियों ने उसे घर में घुसकर भी पीटा। वहीं इन दोनों भाइयों पर हाऊसिंग बोर्ड निवासी कुणाल शर्मा पिता किशोरी लाल शर्मा (33 वर्ष) बजरंग दल कुम्हारी प्रखंड संयोजक ने भी कुम्हारी थाने में शिकायत दर्ज करवाया की उक्त आरोपी के द्वारा खदान पारा पानी टंकी के पास स्थित शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया जिससें लोगों की धार्मिक भावनाओं को गहरा ठेस पहुंचा है।






कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर

होंठों को पतला - मोटा करें
और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# स्पैरों के कर्मचारी काट रहे रसीद, चार दिन में डेढ़ दर्जन से अधिक शिकायत

## शिकायत से बचने कंपनी के कर्मचारी वर्तमान तिथि पर काट रहे पर्ची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम में स्पैरों कंपनी की शिकायत लेने के बजाय टैक्स सेटलमेंट का खेल खेला जा रहा है। स्पैरों की शिकायत लेकर पहुंच रहे पीडितों को कंपनी के कर्मचारी नई रसीद काटकर दे रहे हैं। पूर्व में की गई गडबडी को छिपाने निगम में टैक्स सेंटलमेंट किया जा रहा हैं। ऐसा लग रहा है कि, निगम प्रशासन की सांठगांठ से एक बार फिर स्पैरों कंपनी पर कार्यवाही के बजाय क्लीनचिट दिए जाने की तैयारी हैं।

नगरनिगम द्वारा 21 से 25 अक्टूबर तक किए गए अपील के बाद शिकायत लिया जाना था। इस शिकायत के बाद माना जा रहा था कि, टैक्स का लाखों रूपए राशि ऐंठने वाले कंपनी पर कार्यवाही होगी। लेकिन इसके आड में निगम में ही कंपनी के कर्मचारी रसीद कांटकर दे रहे है। बकायदा कर्मवारी से हाल ही में रसीद लेकर टैक्स का निगम द्वारा सेटलमेंट तक कर दिया जा रहा है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि, अपील के बहाने निगम प्रशासन खुद ही स्पैरों पर पर्दा डाल रहा है। जानकारी के अनुसार चार दिन में 16 से अधिक आवेदन आ चुके है। जिसमे बडी गडबडी सामने आई है। लेकिन शिकायत आने के बाद स्पैरों के कर्मचारी निगम में सक्रिय हो गए है और उनके द्वारा नई रसीद कांटकर मामला रफा-दफा किया जा रहा हैं।

### निगम की मनमानी, आम लोग भुगत रहे खामियाजा

नगरनिगम द्वारा लोगों से अपील कर कंपनी के खिलाफ शिकायत पत्र मांगी गई हैं। लेकिन दूसरी तरफ कंपनी के तीन कर्मचारियों को निगम में बैठाकर टैक्स का सेंटलमेंट भी किया जा रहा है। इन चार दिनों में सेंटलमेंट किए गए प्रकरण की जांच की जाए तो मामला सामने आ जाएगा। निगम के इस लापरवाही से एक बार फिर कंपनी को क्लीनचिट देने की तैयारी है। अगर निगम प्रशासन द्वारा पहले ही लाखों की गडबडी करने वाले कंपनी पर कार्यवाही की होती तो लोगों को रसीद लेकर घुमना नही पडता।




### अब तक साठ लाख की अनियमितता

एक अप्रैल से निगम द्वारा किए गए टैक्स वसूली में खुलासा हुआ है। करदाताओं से मिले अब तक के शिकायत में पाया गया कि, स्पैरो कंपनी द्वारा करीब साठ लाख रूपए की गडबडी की गई है। इतनी बडी आर्थिक अनियमितता के बाद भी निगम प्रशासन कार्यवाही से परहेज कर रही हैं। कंपनी से रिकवरी करने के बजाय उनके कर्मचारियों को निगम में बैठकर टैक्स सेंटलमेंट कराया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि, 25 अक्टुबर तक कंपनी के खिलाफ शिकायत पत्र लिए जाएंगे। शुक्रवार को होने वाले सामान्य सभा में विपक्षीय पार्षदों ने स्पैरों को घेरने की तैयारी कर ली हैं।

## खबर संक्षेप



### महिला कालेज में भाषण प्रतियोगिता

**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, निगमन कार्यालय, भिलाई द्वारा भिलाई महिला महाविद्यालय के सभागार में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कालेज की प्राचार्य डॉ. संध्या मदनमोहन थीं और अध्यक्षता एएफएसएनएल के महाप्रबंधक पकंज त्यागी ने की। डीजीएम प्रभाकर सिंह ठाकुर, उप महाप्रबंधक (सतर्कता) के विशेष आतिथ्य कनिष्ठ प्रबंधक बीएसएस श्रीनिवास और विशेष कार्य अधिकारी मो.यूनुस थे।श्री त्यागी ने सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहित का आह्वान किया। श्री ठाकुर ने कहा कि इस संस्कृति से विदयार्थी ईमानदारी और जिम्मेदारी सीखते हैं, तो वे अच्छे नागरिक बनते हैं। मुख्य अतिथि डॉ. संध्या मदनमोहन ने कहाकि''सत्यनिष्ठा की संस्कृति राष्ट्र की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। यह समाज में नैतिकता की भावना को प्रबल बनाती है। प्रतियोगिता में 47 छात्रओं ने हिंदी और अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किया। निर्णायक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, ज्योतिबाला चौबे, डॉ. सुकन्या घोष, डॉ. भारतीवर्मा, डॉ. मोहना सुशांत पंडित थे। प्रथमकंचन साहू,, द्वितीय–स्नेहा पांडेय, तृतीय–ललिता पांडये रहे। अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

## संयुक्त यूनियन ने कर्मियों को परचा बांटकर सफल बनाने का किया आह्वान

# बीएसपी में हड़ताल की तैयारी में जुटे मड़ौदा-जोरातराई गेट पर हुई सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अधूरा वेतन सेल वेतन समझौता को पूर्ण करने और 39 महीने के लंबित एरियर्स भुगतान करने सहित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर 28 अक्टूबर की हड़ताल की तैयारी तेज हो गई है। संयुक्त यूनियन द्वारा गुरुवार को बीएसपी के मड़ौदा गेट और जोरातराई गेट के सामने सभा कर कर्मियों को परचा बांटकर हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया। यूनियन के नेताओं ने कहा कि कर्मियों को भ्रामक बोनस फार्मला और एरियर्स से कर्मियों के खाते में एकतरफा दिए गए बोनस से प्रबंधन पर कर्मियों का लाखों रुपए का बकाया हो गया है। यदि इस बड़ी रकम को वापस हासिल करना है तो आर पार की लड़ाई लड़ना होगा।

यूनियन नेताओं ने कहा कि अब तक संघर्षों से ही हमें जीत मिली है। 30 जून 2021 की हड़ताल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। 22 जून से 27 जून तक 6 दिन लगातार वर्चुअल मीटिंग कर प्रबंधन बार-बार यही कह रहा था कि 10% से ज्यादा पर्क्स नहीं दे सकते हैं क्योंकि कंपनी की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। यूनियन जानती थी कि प्रबंधन की बात सच से परे है। इसीलिए प्रबंधन के मनमानी के खिलाफ 30 जून की हड़ताल को अभूतपूर्व तरीके से सफल बनाया गया। इसके बाद हुई बैठक में प्रबंधन को मजबूर होना पड़ा एवं कर्मियों को मिलने वाला पर्क्स 26.5% तक पहुंचा यदि 30 जून की हड़ताल नहीं होती तो प्रबंधन 16% से 18% के बीच पर्क्स को टिका देता।

### कहा- आंदोलन से ही अब तक पर्क्स बढ़ोत्तरी सहित मिली कई लाभ



### ठेका मजदूरों को बोनस में कोताही

संयुक्त यूनियन के नेताओं ने कहा कि एनजेसीएस के स्तर पर लड़कर ठेका कर्मियों के लिए एडब्ल्यूए की राशि में बढ़ोतरी करवाई गई लेकिन वह राशि ठेका कर्मियों के हाथ तक नहीं पहुंचती है। साथ ही ठेका मजदूरों को 20% बोनस दिया जाना है लेकिन ठेकेदार 4000 से लेकर 7000 रुपए तक देकर अपना पल्ला झाड़ लेता है। प्रबंधन को यह सब मालूम होते हुए भी वह ठेका श्रमिकों के हक को दिलाने के लिए कोई कदम नहीं उठाता है। इसीलिए ठेका श्रमिकों को अपने हक को हासिल करने के लिए 28 अक्टूबर के हड़ताल में भागीदारी करना होगा।

### हर माह हजारों रुपए का फायदा

1% पर्क्स बढ़ाने का मतलब कर्मियों को हर माह सैकड़ो रुपए का फायदा होता है यदि न्यूनतम बेसिक 25000 रुपए मान लिया जाए तो उस पर 1% का यानी250 प्रति माह है और 100000 बेसिक पर 1% का यानी1000 प्रति माह है। यदि हड़ताल की बदौलत प्रबंधन के प्रस्ताव से हम 10% अधिक पर्क्स ले पाए हैं तो कर्मियों को न्यूनतम 2500 से लेकर 10000 रुपए तक हर महीने फायदा हो रहा है। यह लाभ केवल 30 जून की हड़ताल के कारण संभव हो सका है। आज संयुक्त यूनियनों ने मरोदा गेट एवं जोरा तराई गेट पर पर्चा वितरण किया इस दौरान सभा करते हुए संयुक्त नेताओं ने कहा कि कर्मियों का एरियर्स एवं भ्रामक बोनस फार्मूले से कर्मियों के खाते में एक तरफा दिए गए बोनस के कारण प्रबंधन पर कर्मियों का लाखों रुपए का बकाया हो गया है यदि इस रकम को प्रबंधन से हासिल करना है।

## भूमि अधिग्रहण के बाद भी नहीं दे रहे जानकारी, धरने पर बैठे पीड़ित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राजनांदगांव से दुर्ग होकर जा रहे भारतमाला परियोजना के पीडित जमीन मालिको ने हिन्दी भवन के सामने प्रशासन के खिलाफ जमकर हल्ला बोला गया। इस दौरान उन्होने जिला प्रशासन के राजस्व अधिकारियों पर गलत मुआवजा प्रकरण बनाने और प्रकरण बनाने के बाद नकल की जानकारी नही दिए जाने का आरोप लगाया है। सैकडों की संख्या में शामिल किसानों ने मांग पूरी नही होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी हैं। जमीन अधिग्रहण होने के सात साल तक गुहार लगाने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा सुनवाई नही की जा रही हैं। भूस्वामी के द्वारा विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं शासकीय अधिकारियों से अपनी व्यथा को सुनाकर और उचित न्याय की मांग पर अभी तक किसी प्रकार से न्याय संगत जवाब ना मिल पाने पर धरना प्रदर्शन दिया गया। जिसमें महिलाएं पुरुष एवं बुजुर्ग भी सम्मिलित रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिव चंद्राकर, महेंद्र चोपड़ा, अखिलेश साहू, रोहित साहू, दुर्गेश निर्मलकर, नवीन देवांगन, पितांबर साहू, धर्मेंण ताम्रकार, एसके राय, दिलीप यादव उपस्थित रहे। धरना प्रदर्शन के बाद उपस्थित पीडितों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर संयुक्त रूप से जारी पत्र में पीडितों ने कहा कि, आज हम अत्यधिक दुखी और व्यथित मन से इस धरना में बैठे हैं।

■ पीड़ित भूमि मालिको ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

### जिला प्रशासन की चुप्पी से नाराजगी

भूस्वामियों के द्वारा आगे कहा गया कि, जिले के सांसद एवं विधायक के द्वारा भी मौखिक एवं पत्र व्यवहार के माध्यम से कलेक्टर से भूमि मुआवजा देने कहा गया। लेकिन जिला प्रशासन ने कोई सकारात्मक उत्तर नहीं दिया, बल्कि हमारे द्वारा ही ऐसा निर्णय लिए जाने की बाते कही जा रही हैं। पीडितो ने आरोप लगाया कि, नियम में 500 वर्ग मीटर से कम भूमि का मुआवजा वर्गफीट की दर से दिया जाना है। लेकिन प्रशासन ने गलत गणना कर प्रकरण भेजे है, जिससे नकल देने से कतरा रहे हैं।

## स्काउट्स और गाइड्स शिविर में सीखेंगे अनुशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के शिक्षा विभाग और भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ, भिलाई के तत्वावधान में स्काउट्स और गाइड्स का तीन दिवसीय शिविर बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर- 4 शाला भवन में शुरु हुआ। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक जिला मुख्य आयुक्त (स्काउट/गाइड) शिखा दुबे उपस्थित थी।

■ बीएसपी शिक्षा विभाग के आयोजन में नौ स्कूलों के बच्चे ले रहे भाग

स्काउट गाइड प्रार्थना बाद ध्वजारोहण किया गया और स्काउट एवं गाइड द्वारा ने झंडा गीत गाया गया। इसके पश्चात रैली का शुभारंभ किया गया। कैंपिंग गतिविधियों में भाग लेने के लिए 9 स्कूलों के 226 छात्र शामिल हुए। श्रीमती दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्काउट गाइड को अपना आदर्श वाक्य "तैयार रहो" हमेशा याद रखना चाहिए। उन्हें जीवन भर अनुशासन का पालन करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से यह भी कहा कि इस रैली के दौरान किया गया टीम वर्क और समन्वय जीवनपर्यंत उनके काम आएगा। उप महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद, जिला आयुक्त (गाइड) एवं बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 की प्राचार्य सुमिता सरकार, बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-7 की प्राचार्य रूबी बर्मन रॉय, जिला आयुक्त (स्काउट) एवं भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के प्राचार्य विजय सिंह पवार, जिला सचिव एवं भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 की वरिष्ठ व्याख्याता सरिता शाक्य, कोषाध्यक्ष और हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-11 की प्राचार्य उर्वशी साहू, उप प्रबंधक वीआर कटियार तथा अशोक सिंह, कीर्तिलता देशमुख, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) और सत्यनारायण साहू डीटीसी उपस्थित थे 14 स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन, छ.ग. शासकीय शिक्षा विभाग के 6 विषय विशेषज्ञों के साथ बीएसपी के विभिन्न स्कूलों के 15 अधिकारी, प्रतिभागी शामिल हैं।स्काउट/गाइड गतिविधियों का मूल्यांकन छ.ग. शासकीय शिक्षा विभाग से अमिता हरमुख, नोमिन साहू,कल्पना शुक्ला सेजस, देवेन्द्र देवांगन,ईश्वरी प्रसाद साहू, नीरज कुमार साहू करेंगे।



### स्काउटिंग गतिविधियों का होगा मूल्यांकन

कैम्पिंग के तीन दिनों के दौरान स्काउट एवं गाइड के विशेषज्ञों द्वारा 12 विभिन्न स्काउटिंग गतिविधियों का मूल्यांकन किया जायेगा। मूल्यांकन 4 अलग-अलग श्रेणियों जैसे हाई स्कूल स्काउट्स, हाई स्कूल गाइड्स, मिडिल स्कूल स्काउट्स और मिडिल स्कूल गाइड्स के तहत होगा। न्यूनतम उपलब्ध संसाधनों के साथ युवा स्काउट्स और गाइड द्वारा रहने वाले क्षेत्र को कितनी अच्छी तरह से व्यवस्थित किया गया है, इसका आकलन करने के लिए टेंट ले-आउट का निरीक्षण प्रतिदिन किया जाएगा। युवा स्काउट्स और गाइड्स की विशेष कैंपिंग क्षमताओं को समझने के लिए तंबू लगाना, गांठों और लाठियों के साथ पायनियरिंग, प्राथमिक चिकित्सा कौशल का मूल्यांकन किया जाएगा।

## नान फाइनेंशियल अवार्ड नहीं मिलने से कर्मियों में असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक ने भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी के नाम का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि संयंत्र के जिन विभाग प्रमुखों की उदासीनता के कारण अभी तक कर्मियों को नान फाइनेंशियल अवार्ड नहीं मिला है उन्हें यह लभा दिलाने निर्देशित करें। अवार्ड नहीं मिलने से कर्मियों में असंतोष है।

यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने महासचिव वंश बहादुर सिंह के नेतृत्व में आईआर विभाग के महाप्रबंधक विकास चंद्रा से मिलकर बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज के नाम का ज्ञापन सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि कि भिलाई प्रबंधन द्वारा सभी कर्मचारियों के मनोबल को ऊंचा बनाए रखने के लिए नान फाइनेंशियल स्कीम चालू किया गया था।

इस वर्ष यह स्कीम 30 जनवरी से 31 मार्च 2024 तक लागू रही। इसके तहत सभी विभागों के कर्मचारियों के लिए अलग अलग राशि निर्धारित की गई। कई विभागों द्वारा इस स्कीम के तहत गिफ्ट या कूपन वितरित किया कर दिया गया है।

यूनियन ने निदेशक प्रभारी से मांग किया स्टोर्स, पावर प्लांट,एमआरडी,आर ई डी नगर सेवा विभाग चिकित्सा विभाग सहित संयंत्र के कई विभागों में अभी तक नान फाइनेंशियल अवार्ड नहीं दिया गया है। उनके विभाग प्रमुख को जल्द नान फाइनेंशियल अवार्ड देने के लिए निर्देशित करें। इस दौरान आई आर के सहायक महाप्रबंधक रोहित हरित यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि, उप महासचिव रमाशंकर सिंह, वरिष्ठ सचिव ज्ञानेंद्र पांडेय व सचिव राकेश तिवारी उपस्थित थे।

### कई विभागों में नहीं मिले गिफ्ट

यूनियन ने कहा कि नान फाइनेंशियल स्कीम की राशि निर्धारित होने के 6 महीने बाद भी संयंत्र के कई विभागों में अभी तक इस स्कीम का लाभ विभाग प्रमुख की उदासीनता के कारण कर्मियों को नहीं मिल पाया है। भिलाई सहित सेल में वेज रिवीजन एवं बोनस को लेकर कर्मियों में आक्रोश है।

■ इंटक ने आईआर को सौंपा ज्ञापन

■ डायरेक्टर इंचार्ज से की जल्द दिलाने की मांग

## भिलाई मैत्री महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता



**भिलाई।** बीएसपी के सतर्कता विभाग द्वारा भी भिलाई मैत्री महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 27 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय "सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि था। सहायक महाप्रबंधक स्मिता जैन और भिलाई मैत्री महाविद्यालय की प्राध्यापिका डां. अपूर्वा शुक्ला निर्णायक थीं। प्रथम नीलम मांझी, द्वितीय अल्फ़ा बारा व दुर्गेश कुमार साहू तथा तृतीय व नेहा रहीं। विजेताओं को 2 नवम्बर को कला मंदिर में समापन समारोह में पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। डीजीएम नौशाद आलम ने स्टूडेंट्स को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। वरिष्ठ प्रबंधक अनुराग मित्तल, वरिष्ठ सतर्कता निरीक्षक रूपेश कुरूप, निरीक्षक गोपाल राव तथा भिलाई मैत्री महाविद्यालय से वरिष्ठ पदाधिकारी राजम सुधाकरण, डॉ संचिता थंबी, एस संजीव,एस साजन कार्यक्रम में उपस्थित थे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## बीएसपी व रामकृष्ण मिशन आश्रम का आयोजन

# सेल खेल मेला में सैकड़ों बच्चे दिखाएंगे अपना दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र और रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के तत्वावधान में सेल-खेल मेला का आयोजन 23 से 28 अक्टूबर तक आश्रम के खेल मैदान में किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह मंत्री खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने किया। अध्यक्षता बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने की।

खेल मेला में विभिन्न जिलों के 39 स्कूलों से 1437 बच्चे हिस्सा ले रहें हैं, जिनमें 1150 बालक एवं 287 बालिकाएं शामिल हैं। 71 कोच बच्चों के प्रशिक्षण दे रहे हैं। खो-खो, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, बास्केट बॉल, मल्लखंभ और एथलेटिक्स आदि खेल शामिल हैं।

विशिष्ट अतिथि ईडी अरूण कुमार, नारायणपुर जिला भाजपाध्यक्ष रूपसाय सलाम, बृजमोहन देवांगन एवं श्री गौतम गोलछा, संदीप झा एवं संजय नंदी, नरेन्द्र मेश्राम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अध्यक्ष देवनाथ उसेण्डी, एसपी प्रभात कुमार, कलेक्टर बिपिन मांझी, सीजीएम तापस दासगुप्ता, पी के सरकार, अनुपम बिष्ट रामकृष्ण मिशन आश्रम के स्वामी अनुभवानंद, वसुदानन्द, कृष्णामृतानन्द, मुक्त्यानन्द, प्रेमदानन्द आदि उपस्थित थे। स्वामी व्याप्तानन्द ने स्वागत भाषण औ प्राचार्य स्वामी कृष्णामृतानन्द) ने धन्यवाद ज्ञापित किया।




### दिखेगा कौशल

खेल मेला में बच्चे अपनी प्रतिभा कौशल दिखाएंगे। मुख्य अतिथि ने कहा कि नारायणपुर के बच्चों की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। छत्तीसगढ़ शासन ने यह घोषणा की है कि ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी को 3 करोड़ रुपए नकद पुरस्कार दिया जाएगा, सिल्वर मेडल वाले को 2 करोड़ और ब्रॉन्ज मेडल वाले को 1 करोड़ की पुरुस्कार राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने आप बच्चों से पुरस्कार को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। श्री दासगुप्ता ने अपने वक्तव्य में आश्रम द्वारा 18 साल से खेल मेला आयोजन से बच्चों की शारिरीक और मानसिक विकास होगी। खेल क्षेत्र की उन्नति हेतु सहयोग के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र सदैव तैयार है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129

04



टाइटलर का शो

लाइव इवेंट

## शहीद उमेश साहू के बेटे को 10वीं तक निशुल्क शिक्षा





■ अग्रसेन हाईस्कूल धनोरा की पहल,

**भिलाई।** लेह-लद्दाख में ऑक्सीजन की कमी से कोड़िया निवासी जवान उमेश साहू की मौत हो गई थी। बता दें कि उमेश का एक छोटा बच्चा शशांक और पत्नी योगेश्वरी साहू है। अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट की पहल पर अग्रसेन हाईस्कूल धनोरा में शहीद जवान के बेटे को 10वीं तक की शिक्षा मुफ्त दिए जाने का निर्णय लिया गया है। बच्चे से बस फीस भी नहीं ली जाएगी। इंस्टीट्यूट का प्रतिनिधि मंडल शहीद की पत्नी योगेश्वरी से मिला। संस्था प्रमुख ने कहा कि यह संस्था के लिए यह बड़े ही गर्व की बात है। अग्रसेन पब्लिक हाई स्कूल के समस्त छात्र-छात्रा, टीचर्स एवं समिति के पदाधिकारियों ने शहीद उमेश को भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित की है। कार्यक्रम के बाद संस्था के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने शहीद उमेश साहू के पुत्र श्री शशांक साहू जो कि कक्षा नर्सरी में हमारे स्कूल में अध्ययनरत हैं, को कक्षा 10 वीं तक निःशुल्क अध्ययन एवं बस सुविधा प्रदान करने की घोषणा की। इसी घोषणा के अन्तर्गत स्कूल की प्राचार्या शिवानी वर्मा अपने सहयोगी शिक्षिका श्वेता जायसवाल, मनीषा यादव के साथ शहीद उमेश साहू के घर पहुंची। जहां संकल्प पत्र प्रदान किया। यह जानकारी संस्था के अतिरिक्त संचालक श्रीकान्त दास गुप्ता ने दी है।

● राष्ट्र सेविका समिति की सेविकाओं ने दिखाया दम, अखंड भारत का संकल्प दोहराया

# महिला राष्ट्र की आधारशिला... इस भाव का गण समता योग गीत, दंड, यष्टि एवं नियुद्ध के जरिए किया प्रदर्शन

राष्ट्र सेविका समिति की सेविकाओं ने पुरुषों की तरह कदम से कदम मिलाकर सघोष पथ संचलन किया। भिलाई में अपने तरह का संभवतः यह पहला आयोजन रहा, जिसमें महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। महेश दैत्य मर्दिनी, देश रक्षिता सजो। अग्नि कुंड धारिणी, राष्ट्र सेविका बनो।। का आव्हान करते महिलाएं नजर आईं। राष्ट्र सेविका समिति भिलाई-दुर्ग का यह आयोजन सेंट्रल एवेन्यू सेक्टर 2 में किया गया। इसमें महिलाओं ने एक भारत श्रेष्ठ भारत, अखंठ भारत के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर महिलाओं ने गण-समता, योग गीत, दंड, यष्टि एवं नियुद्ध का प्रदर्शन किया। साथ ही यह बताने का प्रयास किया कि महिला राष्ट्र की आधारशिला है।



राष्ट्र सेविका समिति की सेविकाओं ने कदम से कदम मिलाकर सघोष पथ संचलन किया। मातृ शक्ति में बुद्धि और शक्ति के संतुलन को दर्शाता शस्त्र पूजन एवं प्रात्यक्षिक युवा वर्ग के लिए प्रेरणादाई रहा। प्रात्यक्षिक में गण-समता, योग गीत, दंड, यष्टि एवं नियुद्ध का सफल प्रदर्शन किया गया। स्वयं सेविकाओं ने बताया कि 25 देशों में अपनी शाखा का विस्तार किया गया है। यह संगठन स्त्री ही राष्ट्र की आधारशिला है का सूत्र लिए तेजस्वी हिंदू राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं अखंड भारत के लिए कटिबंध है। महिलाओं को मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक सुदृढता हेतु यह संगठन तीन आयामों में अनवरत कार्य कर रहा है। यह तीन कार्य शिक्षा, सेवा एवं स्वावलंबन हैं। संपूर्ण भारत में 3871 शाखाएं लगती हैं। 609 मिलन के कार्यक्रम होते हैं। सेवा के विभिन्न नियमित उपक्रम चलते हैं, जिनकी कुल संख्या 1558 है। इसमें अन्य सेवाओं के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में 324, स्वास्थ्य के क्षेत्र में 203 और स्वावलंबन के क्षेत्र में 140 केंद्र नियमित चल रहे हैं। समय-समय पर स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर एवं एवं गर्भ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन समिति द्वारा किया जाता है।




### आतंकवाद, नक्सलवाद और कुष्ठ प्रभावितों का पोषण

सेविकाओं ने बताया कि राष्ट्र सेविका समिति की संवर्धिनी न्यास महिलाओं को मातृत्व हेतु मानसिक और शारीरिक रूप से वैदिक-वैज्ञानिक आधार पर पोषित करती है। देवी अहल्या मंदिर, तेजस्विनी छात्रावास, निवेदिता छात्रावास जैसे कई छात्रावास आतंकवाद और नक्सलवाद से पीड़ित एवं कुष्ठ रोगियों के स्वस्थ बालिकाओं के पालन-पोषण-पढ़ाई का दायित्व निभाते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयत्नशील हैं। शिव भावेन जीव सेवा का मंत्र जपते यह संगठन हर प्रकार की सेवा को प्रतिबद्ध है।



### राष्ट्र की उन्नति के लिए हर क्षेत्र में योगदान

आयोजन के दौरान बताया गया कि वाचनालय, पुस्तकालय, शिशु मंदिर, रुग्णोपयोगी साहित्य सेवा केंद्र, मूक-बधिर विद्यालय, सिलाई केंद्र, योगासन केंद्र, स्वदेशी वस्तु भंडार तत्परता से राष्ट्र की उन्नति में अपना योगदान दे रहा है। भारतीय श्री शांतिनिकेतन शैक्षणिक प्रकल्प में नागपुर, जबलपुर, मुंबई की ग्रहणियाँ निशुल्क शिक्षा का लाभ लेकर अपने जीवन को सुनिश्चित आकर दे रही हैं। आयोजन में मुख्य रूप से स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. करुणा कश्यप प्रमुख रूप से उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि स्वयं सेविकाओं के बारे में जानकारी दी। मुख्य वक्ता दिव्या देशपांडे प्रांत बाल संस्कार केंद्र प्रमुख, संस्कृत भारती ने राष्ट्र की प्राण शक्तिः वंदे मातरम विषय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नगर कार्यवाहिका राखी विश्वास सहित अन्य मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## श्रीमंत झा ने पैरा-आर्म रेसलिंग में जीता गोल्ड, बुलगारिया वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई



**भिलाई।** एशियन पैरा-आर्म रेसलिंग कप में गोल्ड जीतकर श्रीमंत झा ने फिर तिरंगा लहराया है। उन्होंने यह जीत देश के जवानों को समर्पित की है। श्रीमंत दुनिया के तीसरे और एशिया के नंबर वन आर्म रेशलर हैं। श्रीमंत झा ने एशिया पैरा-आर्म रेसलिंग कप 2024 में 85 किलोग्राम वर्ग में भाग लिया और गोल्ड अपने नाम किया। यह टूर्नामेंट 26 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। स्वर्ण पदक जीतने के बाद श्रीमंत झा ने बुल्गारिया में विश्व पैरा आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। झा ने कहा कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अच्छी तैयारी की है। श्रीमंत भिलाई के रहने वाले हैं। दोनों हाथों में चार अंगुलियों के साथ जन्मे। गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर आर्म रैसलिंग की अध्यक्षा प्रीति झींझानी, छत्तीसगढ़ के आर्म रैसलिंगके अध्यक्ष जी सुरेश बाबे, चेयरमैन बृजमोहन सिंह, सचिव श्रीकांत एवं कोच ऋषभ जैन ने बधाई दी है।

# आईआईटी भिलाई के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को मिलेगा राष्ट्रपति के हाथों स्वर्ण पदक

भिलाई। आईआईटी भिलाई का तीसरा और चौथा दीक्षांत समारोह 26 अक्टूबर को आयोजित है। नालंदा हॉल में आयोजित इस



समारोह में बतौर मुख्यअतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मु शामिल होंगी। उनके हाथों यहां विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, पीएचडी डिग्री सहित अन्य डिग्री प्रदान की जाएगी। राष्ट्रपति प्रतीकात्मक रूप से आठ विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करेंगी। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सासंद विजय बघेल उपस्थित रहेंगे। आईआईटी संस्थान राष्ट्रपति को भेंट करने के लिए एक विशेष बुकलेट तैयार किया है। इस बुकलेट में आईआईटी भिलाई के 100 प्रोजेक्ट की जानकारी शामिल किया गया है।



### 396 विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री

आईआईटी भिलाई के डॉयरेक्टर राजीव प्रकाश ने बताया कि दीक्षांत समारोह में 396 विद्यार्थियों को डिग्री बांटी जाएगी। जिसमें 2023 और 2024 में स्नातक करने वाले विद्यार्थी शामिल हैं। 2023 बैच के स्नातक छात्रों में 13 पीएचडी, 11 एमएससी, 27 एमटेक, 13 बीटेक (ऑनर्स) और 123 बीटेक त्रातक शामिल हैं। 2024 के स्नातक वैच में 8 पीएचडी, 20 एमएससी, 19 एमटेक, 12 बीटेक (ऑनर्स) और 150 बीटेक छात्र शामिल हैं। संस्थान स्वर्ण पदक बीटेक के छात्रों को उनके बैच में उच्चतम सीजीपीए के लिए प्रदान किया जाता है, जबकि बीटेक और एमटेक छात्रों को अकादमिक और पाठ्येतर डोमेन दोनों में उनके समग्र प्रदर्शन के आधार पर निदेशक स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाता है। बीटेक, बीटेक (ऑनर्स) और एमएससी में समग्र शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए सर्वश्रेष्ठ छात्रा को निदेशक स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाता है। सीनेट पुरस्कार विभिन्न शाखाओं और कार्यक्रमों में उच्चतम सीजीपीए वाले छात्रों को दिए जाते हैं। इस दीक्षांत समारोह में 2023 के वैच के तेरह छात्रों और 2024 के बैच के दस छात्रों की सीनेट पुरस्कारों के लिए सिफारिश की गई है।

# 24वीं राज्य स्तरीय शालेय नेटबॉल प्रतियोगिता में दुर्ग ने जीता कांस्य पदक

**भिलाई।** 24वीं राज्य स्तरीय शालेय बालक-बालिका नेटबॉल प्रतियोगिता 21 से 24 अक्टूबर तक कोरबा में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग के बालक वर्ग में 14 वर्ष, 17 वर्ष व 19 वर्ष में कांस्य पदक प्राप्त किया और बालिका वर्ग में 17 वर्ष व 19 वर्ष में कांस्य पदक प्राप्त किया। दुर्ग संभाग नेटबॉल टीम की इस उपलब्धि पर संभाग के क्रीड़ा उपसंचालक कल्पना स्वामी, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी तनवीर अकील, संतोष साहू, विजय छल्होहोत्रे, अब्बास आलम, मनोज साहू, इमरान खान, एस मोहन राव व करुणा राजपूत ने टीम को शुभकामनाए दीं है।



सिटी इवेंट

## साध्वी सक्षममति का प्रथम दीक्षा समारोह आज, जुटेगा जैन समाज





**भिलाई।** साध्वी सक्षममति का प्रथम दीक्षा दिवस समारोह भिलाई में होने जा रहा है। 25 अक्टूबर को सुबह साढ़े 1 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा, जो पूरे दिन चलेगा। आयोजन सामान्य दीक्षा समारोह की तरह होगा। सुबह साढ़े 7 बजे मंदिर में भगवान जिनेंद्र के अभिषेक के साथ आयोजन की शुरुआत होगी। इसके बाद शांतिधारा, मंगलाचरण, दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम होगा। इसके बाद पात प्रछ्छालन होगा। विधि-विधान से सारे संस्कार संपन्न कराए जाएंगे। इसके बाद मंदिर में उपस्थित सभी साध्वियों की धर्मसभा होगी, जिसमें दुर्ग-भिलाई के जैन समाज के लोग उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम के बाद आहार चरिया और भजन-संध्या और सत्संग का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम का संचालन पंकज जैन छतरपुर की उपस्थिति में होगा। साध्वी शिक्षामति और दुर्ग नगर गौरव छत्तीसगढ़ की माताजी सक्षममति का प्रथम दीक्षा दिवस समारोह होना है। भाजपा नेत्री सुनीता संजय बोहरा ने बताया कि उनकी माता ने सालभर पहले दीक्षा ग्रहण की। वे अहिंसा के पद पर चलकर जगत माता, नगर गौरव के रूप में आगे बढ़ रही है। त्याग, तपस्या, संयम से भरे पथ पर निकल चुकी हैं।

साइंस कॉलेज के भूगोल विभाग द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

# ग्लोबल वॉर्मिंग को रोकने हमें अपनी जीवन शैली में करना होगा बदलाव : सच्चिदानंद

कार्नर न्यूज



**दुर्ग।** साइंस कॉलेज के भूगोल विभाग एवं छत्तीसगढ़ भूगोल परिषद के संयुक्त तत्वावधान में लोग, पर्यावरण एवं संधारणीय विकास विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति सच्चिदानंद शुक्ल प्रमुख रूप से शामिल हुए। उद्घाटन सत्र में शुक्ल ने कहा कि पृथ्वी के बढ़ते तापमान एवं मौसम परिवर्तन ने पूरी दुनिया को चिंता में डाल दिया है। इसके प्रभाव को कम करने हेतु हमारी जीवन शैली को प्रकृति के अनुरूप बनाना आवश्यक हो गया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ भूगोल परिषद की अगली राष्ट्रीय संगोष्ठी पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के भूगोल अध्ययन शाला द्वारा आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भूगोल परिषद के संरक्षक प्रो. एचएस गुप्ता ने संगोष्ठी की विषय वस्तु पर विस्तार से प्रकाश डाला। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एमए सिद्दिकी ने रोचक तरीके से भूगोल और गणित के संबंधों पर चर्चा की। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अनिल मिश्रा ने सभी अतिथियों और छत्तीसगढ़ सहित मप्र, महाराष्ट्र, उप्र, बिहार, दिल्ली आदि राज्यों से आए हुए सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए जनसंख्या वृद्धि एवं बढ़ते उपभोग प्रवृत्ति के कारण उत्पन्न पर्यावरण अवनयन पर गंभीर चिंता व्यक्त की।



### नगरीकरण और भूमिगत के प्रभाव पर रखे विचार

दिल्ली विश्वविद्यालय से आए प्रो. सुरेशचंद राय ने 'नेशनल कैपिटल रीजन (दिल्ली) में नगरीकरण और उसका भूमिगत जल पर प्रभाव विषय पर प्रकाश डाला। इसके बाद सागर से आए हुए प्रो. श्रीकमल शर्मा ने संधारणीय विकास सह-अस्तित्व का एक दर्शन विषय के अंतर्गत विस्तार से अपने विचार व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ में जनसंख्या वृद्धि के कारण उत्पन्न पर्यावरणीय समस्याओं और उनके समाधान पर विचार व्यक्त किया। इसके पश्चात राधाकृष्णन हाल एवं टैगोर हाल में तकनीकी सत्र आयोजित हुए जिसे प्रो. एमपी गुप्ता, प्रो. सरला शर्मा, डॉ. शकुंतला त्रिपाठी ने संचालित किया।

### भूगोलविद प्रतियोगिता के अंतर्गत 13 शोधपत्र प्रस्तुत

संगोष्ठी के दूसरे दिन बलिया के प्रो. गणेश पाठक ने आपदा प्रबंधन एवं सतत विकास के विविध आयाम विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। तकनीकी सत्रों का संचालन प्रो. जेपी शिवहरे, प्रो. डीडी कश्यप, डॉ. अनिल सिन्हा, डॉ. केके द्विवेदी, डॉ. कल्पना लाम्बे, डॉ. राजवंश कौर कोहली, डॉ. जयसिंह साहू तथा डॉ. कावेरी दाभड़कर के द्वारा किया गया। इस दिन युवा भूगोलविद् प्रतियोगिता के अंतर्गत 13 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। इनमें प्रथम स्थान वृषकेतु पंडा, द्वितीय स्थान भाग्यप्रभा मिंज, तृतीय स्थान संयुक्त रूप से रनिता दवन एवं यामिनी मानिकपुरी को प्राप्त हुआ।

### बढ़ते तापमान पर भी व्याख्यान

समापन सत्र के मुख्य अतिथि सत्यनारायण राठौर कुलपति, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने पृथ्वी के बढ़ते तापमान के कारणों की व्याख्या की। साथ ही अमेरिका के लोगों में इस समस्या के प्रति किस प्रकार जागरूकता होती है, इसकी भी चर्चा की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. राजेश पाण्डेय ने कहा कि प्रकृति हमारी आवश्यकताओं को पूरा कर सकती है, इच्छाओं को नहीं। अतः हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर चलना होगा। प्राचार्य प्रो. एम.ए. सिद्दिकी ने जनसंख्या नियंत्रण के कारगर उपाय बताए। कार्यक्रम के फीडबैक में डॉ. शिवेन्द्र बहादुर सिंह, ऐश्वर्यकांत एवं प्रो. अनिल सिन्हा (अंबिकापुर) ने इस राष्ट्रीय संगोष्ठी को पूरी तरह सफल बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्योति धारकर एवं डॉ. कीर्ति पाण्डेय ने किया।

## सिटी इवेंट

# फील्ड विजिट में छात्रों को बताया मतिभ्रम, भ्रम और भ्रांति में अंतर



■ सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई के पीजी मनोविज्ञान विभाग ने किया क्षेत्रीय दौरा

**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई के पीजी मनोविज्ञान विभाग नेपीजी मनोविज्ञान विभाग ने साइकोमेट्रिकियन के तत्वावधान में सेंट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज, देवादा, राजनांदगांव का फील्ड विजिट कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की थीम साइकोपैथोलॉजी और थेरेपीज पर रखी गई थी। यह प्रशिक्षण विभिन्न सैद्धांतिक दृष्टिकोणों, साइकोपैथोलॉजी में विभिन्न उपचारों के प्रशिक्षण और गैर-लाभकारी संगठन की स्थापना के व्यावहारिक ज्ञान पर केंद्रित था। छात्रों ने समाज की उभरती ज़रूरतों के कारण संगठन के महत्व को समझा और रोगियों पर साइकोमेट्रिक परीक्षण और संबंधित उपचारों के बारे में सीखा। कार्यक्रम के वक्ता शिक्षक डॉ. निशि केरकेट्टा थे। कॉलेज के छात्रों को मानसिक समस्या से निदान और इसके प्रभाव के बारे में भी बताया गया। कॉलेज के पीजी छात्रों ने रोर्शार्च और स्टैंडफोर्ट बिनेट साइकोमेट्रिक परीक्षण के माध्यम से निदान की तकनीकों के बारे में सीखा। वक्ता ने मानसिक स्वास्थ्य पर यू-स्ट्रेस और डी-स्ट्रेस के महत्व पर भी जोर दिया। वक्ता ने मतिभ्रम, भ्रम और भ्रांति के बीच अंतर के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने अपने व्याख्यान में कहा कि रोगियों के उपचार में नैदांनिक मनोवैज्ञानिक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। छात्रों ने निदान को प्रभावित करने वाली सह-रुग्णताओं के बारे में सीखा। रेवरेंड फादर डॉ. पीएस वर्गीस ने विभाग को छात्रों के लिए इस तरह के व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा जब तक छात्रों को उचित फील्ड एक्सपोजर नहीं दिया जाता, तब तक कोई भी शिक्षा पूरी नहीं हो सकती। प्रिंसिपल डॉ. एमजी रायमोन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि मुख्य शिक्षा ज्ञान साझा करने के माध्यम से होती है और यह इंटरैक्टिव सत्र इसी अवधारणा को लक्षित करता है। विभागाध्यक्ष डॉ. मुखर्जी ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों को अनुभवी वक्ताओं से विभिन्न उपचारों पर ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. सुमिता सिंह ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे उन्हें दिए गए प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाएं। डॉ. अंकिता देशमुख और डॉ. निम्मी वर्गीस कार्यक्रम के आयोजन में सक्रीय रहे।

● भिलाई में दो दिवसीय चेप्टर कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कन्सेप्ट्स-2024 का आयोजन

# इंटीग्रेटेड सेफ्टी सर्कल जैसे नए कॉन्सेप्ट पर मंथन, समस्याओं का हल ही सबसे बड़ा बल

**भिलाई।** क्यूसीएफआई द्वारा भिलाई में दो दिवसीय चेप्टर कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कन्सेप्ट्स-2024 का आयोजन किया गया। आयोजन में देश की 172 क्यूसी टीमों के 800 प्रतिभागियों ने भाग लिया। देश के 31 प्रतिष्ठित संस्थानों ने कन्वेंशन में शिरकत की। भिलाई चेप्टर ने सेफ्टी सर्कल का समावेश कर नई शुरुआत की। क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इण्डिया की भिलाई चेप्टर द्वारा शंकराचार्य टेक्निकल कैम्पस के मुख्य सभागार में क्वालिटी कंसेप्टस के दो दिवसीय 15वें चेप्टर कन्वेंशन का आयोजन किया गया। क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इण्डिया के भिलाई चेप्टर द्वारा प्रथम दिन तथा द्वितीय दिन में आयोजित उद्घाटन समारोह तथा पुरस्कार वितरण समारोह के विभिन्न आयोजनों मे मुख्य अतिथि बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, अंजनी कुमार तथा कार्यपालक निदेशक डॉ. एके पंडा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कन्वेंशन का उद्घाटन पवन कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार बांटे। कार्यक्रम के प्रथम व द्वितीय दिवस का संचालन क्यूसीएफआई के पीआरओ श्री सत्यवान नायक ने किया। इसी क्रम में प्रथम व द्वितीय दिवस का आभार प्रदर्शन एन के देठे,वी के चौधरी व एस के त्रिवेदी ने किया।



### 172 टीमों ने भाग लेकर बनाया रिकार्ड

कार्यक्रम के प्रारंभ में भिलाई चेप्टर के चेयरमेन केके सिंह के वीडिओ संदेश से किया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत करते हुए क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इण्डिया, भिलाई चेप्टर के सचिव जीपी सिंह ने कन्वेंशन पर एक विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। सिंह ने भिलाई चेप्टर की विशेष फीचरों का उल्लेख करते हुए इंटीग्रेटेड सेफ्टी सर्कल जैसे नए कंसेप्ट के समावेश तथा चेप्टर के प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भिलाई चेप्टर द्वारा पहली बार दो स्थानों मे कन्वेंशन का आयोजन किया गया। इसमें भिलाई के साथ-साथ एनएमडीसी स्टील नगरनार के सहयोग से जगदलपुर मे भी किया गया। इस कन्वेंशन मे क्वालिटी कन्सेप्ट्स की कुल 172 टीमों ने भाग लेकर एक नया रिकार्ड कायम किया। आयोजन में देश के 31 सस्थानों के कुल 172 क्वालिटी सर्कल टीमों के साथ 800 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें से 145 टीमों ने गोल्ड, 24 टीमों ने सिल्वर अवार्ड और 3 टीमों ने ब्रोंज़ अवार्ड जीता।

### बेस्ट ऑफ द कन्वेंशन को मिला सम्मान

इस वर्ष कई नए पुरस्कार प्रारंभ किए गए। जिसमें सेफ्टी सर्कल को बढ़ावा देने वाले विभिन्न संस्थाओं को "सेफ्टी पायनियर अवार्ड" तथा सेफ्टी सर्कल गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा सुरक्षा संवर्धन में विशेष योगदान देने हेतु सुरक्षा विभाग के एचओडी को "सुरक्षा सिनर्जी पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। इस वर्ष यह सुरक्षा सिनर्जी पुरस्कार जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सुरक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष मोतीलाल पंडा को प्रदान किया गया। बीएसपी को गुणवत्ता व सुरक्षा के क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिए "क्वालिटी क्वेस्ट अवार्ड" के विजेता का पुरस्कार और इसी श्रेणी में उपविजेता का पुरस्कार जायसवाल निको लिमिटेड, रायपुर को प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में बेस्ट ऑफ द कन्वेंशन के विजेता का पुरस्कार टाटा स्टील जमशेदपुर के क्वालिटी सर्कल टीम लोटस ने प्राप्त किया। इसी क्रम में नाल्को के आस्था टीम ने बेस्ट ऑफ द कन्वेंशन के उपविजेता पुरस्कार पर अपना कब्जा जमाया। सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा अवार्ड ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

### ये अतिथि हुए शामिल

इन तीनों समारोह मे विशिष्ट अतिथि के रूप में गंगाजली एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन एवं एसएसपीयू के चांसलर आईपी मिश्रा, क्यूसीएफआई के ईडी डीके श्रीवास्तव, सेफी चेयरमेन एनके बंछोर, श्री गंगाजलि एजुकेशन सोसायटी की प्रेसीडेंट डॉ. जया मिश्रा, एमएसपी स्टील, रायगढ़ के सीईओ बीके सिंह, जायसवाल निको लिमिटेड के प्रेसिडेंट आलोक पाण्डेय, शारडा एनर्जी मिनरल्स लिमिटेड के प्रेसिडेंट विवेक चौधरी एवं क्यूसीएफआई के वाइस प्रेसिडेंट एवं डायरेक्टर तथा भिलाई चेप्टर के सचिव जी पी सिंह मंचस्थ रहे।

### भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा

बीएसपी अधिकारी अंजनी कुमार ने कहा कि भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है। इसमें उद्योगों का बहुत बड़ा योगदान है। समस्याओं का हल ही, हमारा बल है। डॉ. एके पंडा ने कहा कि क्वालिटी से ही हम प्रतिस्पर्धा का सामना कर सकते हैं। सुरक्षा के बिना क्वालिटी की कल्पना नहीं की जा सकती। क्वालिटी कंसेप्ट कामयाबी की चाबी है। पवन कुमार ने प्रतिस्पर्धा में बने रहने और आगे बढ़ाने के लिए क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स को अपनाना हमारी पहली प्राथमिकता बताया। चेप्टर के सेक्रेटरी जी पी सिंह के नेतृत्व में सुनील त्रिवेदी, वीके चौधरी, सत्यवान नायक, एनके देठे, जनार्दन राव, एके मिश्रा, एसडी भालेकर, केएस तोमर, पंकज पाठक, डॉ. सिद्धार्थ चौबे, डॉ.आभा चौबे सहित अन्य मौजूद थे।

## समाज लाइव

# तलाकशुदा, विधवा व विदुर को मिलेगा जीवनसाथी चुनने का मौका



■ देवांगन समाज का सामाजिक सम्मेलन 24 नवंबर को दुर्ग में आयोजन

**भिलाई।** जिला देवांगन समाज के तत्वावधान में महिला एवं युवा प्रकोष्ठ के द्वारा 24 नवंबर, रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे भवन, आदित्य नगर, कातुलबोड, दुर्ग में देवांगन समाज का सामाजिक एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर देवांगन समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों का विवरण, समाजोपयोगी लेख-कविताएं एवं अन्य उपयोगी जानकारियों की एक स्मारिका का प्रकाशन किया जाएगा। इस आयोजन में पुनर्विवाह करने के इच्छुक तलाकशुदा, विधवा अथवा विदुर को भी अपना परिचय देकर अपने जीवन साथी चुनने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने बताया कि इस आयोजन को लेकर देवांगन समाज के लोगों में जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने समाज के सभी वर्ग के लोगों से अपील की है कि वे अपने परिवार के विवाह योग्य युवक-युवतियों को अधिक से अधिक संख्या में इस परिचय सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। आयोजन के लिए दुर्ग जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन एवं जिला देवांगन समाज महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष कीर्ति देवांगन एवं युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आशीष देवांगन अपने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ जिले के सभी ब्लाक, मंडल एवं इकाई स्तर पर बैठकें लेकर सघन जनसंपर्क कर रहे हैं। युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने के इच्छुक उम्मीदवार 10 नवंबर तक महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष कीर्ति देवांगन व युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आशीष देवांगन सहित अन्य पदाधिकारियों के पास जमा कर सकते हैं।

## टॉप 100 महिलाओं में बनाया स्थान

# नाइटेंगल ऑफ इंडिया अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हुई डॉ. सोनाली






**भिलाई।** इंटरनेशनल चैंबर ऑफ़ मीडिया एंड एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री एवं इंटरनेशनल विमेंस फिल्म फोरम के संयुक्त तत्वावधान में नोएडा, दिल्ली स्थित फिल्म सिटी में 23 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में डॉ सोनाली को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के साथ देश की प्रगति में योगदान देने के लिए स्वयंसिद्धा की डायरेक्टर डॉ सोनाली चक्रवर्ती को डॉ.सरोजनी नायडू, नाइटेंगल ऑफ़ इंडिया अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष नोएडा फिल्म सिटी के फाउंडर एवं प्रेसिडेंट डॉ.संदीप मारवाह, विशेष अतिथि अफ्रीकन देश लेसोथो की राजदूत लेबोहैंग मशाबा एवं वेनेजुएला की राजदूत डॉ.कपाया रोड्रीज़ थी। समारोह में कोलकाता, असम, मणिपुर, राजस्थान, केरल, महाराष्ट्र, उड़ीसा, सिंगापुर, जापान, ऑस्ट्रेलिया, रशिया, वेनेजुएला आदि स्थानों से आई 100 महिलाओं को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया जो भारत के विकास के लिए कार्य कर रही हैं। डॉ.सोनाली चक्रवर्ती पिछले 20 वर्षों से महिला उत्थान, सामाजिक समरसता, नशामुक्ति के साथ ही पर्यावरण, स्वच्छता, मानसिक निशक्त बच्चों को समाज के मुख्य धारा में लाना आदि क्षेत्रो में अपना सार्थक योगदान दे रही है। उन्होने अपने इस अवार्ड को स्वयंसिद्धा ए मिशन विद ए विज़न की सभी साथियों, देश व छत्तीसगढ़ की सभी माताओं व गृहणियों को समर्पित किया। डॉ सोनाली को यह सम्मान मिलने पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, विधायक ललित चंद्राकर, पप्पू चंद्राकर, पार्षद धर्मेंद्र भगत, साहित्यकार डॉ परदेशी राम वर्मा, स्वच्छता दूत अमिताभ भट्टाचार्य, वीरेंद्र सतपती, पद्मश्री जे.एम.नेल्सन, शिक्षाविद डॉ रजनी नेल्सन, सोसाइटी के संरक्षक संतोष रावत, उपाध्यक्ष सविता रावत, कोषाध्यक्ष स्मिता चौहान, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. कृतिका वैष्णव, डॉ. सत्यव्रत सिंह, सीमा मिथलेश एवं हेलेन धर आदि ने इस अवसर पर अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी है। डॉ सोनाली ने इस अवार्ड का श्रेय अपने परिवार एवं पति संदीप चक्रवर्ती व पुत्र शाश्वत चक्रवर्ती को दिया है।

## बनाया गया ब्राह्मण समाज का राष्ट्रीय महासचिव

# आशीष को बड़ी जिम्मेदारी समाज हित के करेंगे काम




**भिलाई।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने ब्राह्मण समाज के संगठन में बड़ा बदलाव किया है। उन्होंने संगठन में राष्ट्रीय महासचिव के पद की जिम्मेदारी शशिकांत तिवारी को दी है। इसके साथ ही भिलाई के आशीष त्रिपाठी को राष्ट्रीय संगठन सचिव बनाया गया है।



संगठन में बदलाव करते हुए शशिकांत तिवारी को मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उड़ीसा सहित सात राज्यों का प्रभारी बनाया गया है। वहीं राष्ट्रीय संगठन के सचिव आशीष त्रिपाठी को उप प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आशीष ने कहा कि उन्हें समाज के हित काम करने की जो जिम्मेंदारी मिली है उसे वो पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। इतनी कम उम्र में उन्हें समाज ने इतनी बड़ी जिम्मेंदारी दी है। उनकी यह कोशिश रहेगी की वो सर्व ब्राह्मण समाज के एक साथ लाएं और देश में हित में काम कर सकें।

इस नियुक्ति पर प्रदेश उपाध्यक्ष लेखमणि पांडे, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, डॉ. रतन तिवारी , राकेश शुक्ला, लक्ष्मीकांत तिवारी, सुमित शर्मा, अभिषेक पांडे, जितेंद्र तिवारी, बृजमोहन तिवारी, राकेश दुबे, अरुण मिश्रा, मुकेश तिवारी, किशोर तिवारी, हनुमान शर्मा, सतीश पांडे, दीपक मिश्रा, राकेश शर्मा, शशिकांत दुबे, रामकुमार मिश्र, मंजरी दुबे, प्रीति अजय बेहरा, सुमन पांडे, शशि किरण शुक्ला, मृदुला शुक्ला, ज्योति शर्मा, सरिता शर्मा, आरती तिवारी, ब्रह्मा तिवारी, प्रकाश शर्मा, टीकम पांडे, अवधेश दुबे और समस्त विप्र समाज ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## समाज इवेंट

# इंटरनेशनल आर्म रैसलिंग कप में परलीन ने जीता दो गोल्ड मेडल



**दुर्ग।** भारत में आठवीं एशिया इंटरनेशनल आर्म रैसलिंग कप 2024 और सातवीं एशिया इंटरनेशनल पैरा आर्म रैसलिंग कप का मुंबई में 20 से 23 अक्टूबर तक आयोजित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ न्यू खुर्सीपार भिलाई निवासी परलीन कौर ने +50kg में दो गोल्ड मेडल भारत के नाम हासिल किया। इस प्रतियोगिता में 10 देशों ने भाग लिया था। छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के प्रेसिडेंट जी सुरेश, जनरल सेक्रेटरी श्रीकांत और कोच श्रवण चौहान ने बताया कि परलीन ने पहले भी स्टेट और नेशनल में अपने जीत की छाप छोड़ते हुए आज भारत के लिए दो गोल्ड मेडल हासिल किया है। जो सभी के लिए गौरव की बात है। परलीन की इस उपलब्धी के लिए सभी ने शुभकामानाएं दी है।

## गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं को सिखाई गई तीनों कलाओं की बारीकियां

# पारंपरिक कलाओं की तीन दिवसीय कार्यशाला में छात्राओं ने सीखा तंजोर, पिछवाई व लिप्पन आर्ट

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** शासकीय डॉ वा वा पटानकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में कौशल विकास इकाई के हुनर कार्यक्रम के तत्वावधान में विशिष्ट तीन भारतीय पारंपरिक कलाओं तंजोर, पिछवाई एवं लिप्पन आर्ट की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ दिव्या हुड्डर के मार्गदर्शन में इन कलाओं की बारीकियाँ समझाई और सिखाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ डीसी अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और मूल धरोहर की जानकारी देना आवश्यक है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश ने आर्ट के विषय में बताते हुए कहा कि भारतीय पारंपरिक कलाओं में तंजोर, पिछवाई एवं लिप्पन आर्ट ये तीनों कलाएँ अत्यंत सुंदर होने के साथ मूल्यवान भी है। हमारे देश ही नहीं विदेशों में भी इन्हें सराहा जाता है और इनकी बहुत मांग है। छात्राएं इसे अच्छे से सीखकर अपना रोजगार बना सकती है।



### सीखी प्राचीन कला

राजस्थान और गुजरात के फेमस लिप्पन कला की जानकारी डॉ तोशीना तैलंग ने दी। डॉ पूजा सोनकर ने बताया कि तंजोर एक दक्षिण भारतीय प्राचीन कला है जिसका नाम इसके उत्पत्ति शहर से रखा गया है। डॉ अनामिका वस्त्रकार ने राजस्थान की पिछवाई कला का परिचय दिया। इस दौरान छात्राओं द्वारा निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन तबस्सुम अली द्वारा किया गया था। छात्राओं ने अपना अनुभव शेयर करते हुए बताया कि ये सभी आर्ट हमारी संस्कृति से जुड़े हुए है जिसे सीखकर हम अपनी संस्कृति को अनेक लोगो को सिखाने का प्रयास करेंगे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला क्रिकेट चैलेंजर ट्रॉफी में पहले दिन टीम ए और डी की जीत



**रायपुर।** बीसीसीआई की ओर से वुमेंस अंडर-19 टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी 2024-25 रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार से शुरू हुई। पहले दिन दो मैच खेले गये। पहले मैच में टीम ए के खिलाफ टीम बी ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। टीम ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 120 रन बनाये। टीम ए की ओर से इरा जाधव ने 45 रनों का योगदान दिया। टीम बी की ओर से आयुशी एवं त्रिवेणी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 121 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम बी 19.1 ओवरों में 84 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। टीम बी की ओर से त्रिशा ने 32 रन बनाये। टीम ए की ओर सास्थी मंडल ने 2 विकेट प्राप्त किए। टीम ए ने 36 रनों से मैच जीत लिया। दूसरे मैच में टीम सी के विरुद्ध टीम डी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम डी ने निर्धारित 20 ओवरों में 2 विकेट खोकर 148 रन बनाये। टीम डी की ओर से भाविका आहिरे ने 88 नाबाद तथा ईश्वरी ने 43 रनों का योगदान दिया। टीम सी की ओर से सुप्रिया एवं धानी ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। 149 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम सी 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 130 रन ही बना सकी। टीम सी की ओर से सानिका ने 56 रन बनाये । टीम डी की ओर हैप्पी कुमारी ने 2 विकेट प्राप्त किये। टीम डी ने 18 रनों से मैच जीत लिया।

### कोरोना काल के बाद फिर शुरू हुई सेल एथलेटिक्स अकादमी, चयन जारी



**रायपुर।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) भिलाई इस्पात संयंत्र की सेल एथलेटिक्स अकादमी फिर से शुरू हो गई है। वर्ष 2003 से प्रारम्भ अकादमी कोरोनाकाल के दौरान अस्थायी रूप से बंद कर दी गई थी। जिसे सेल के गाइडलाइन्स के अनुसार फिर से प्रारंभ किया जा रहा है। सत्र 2024 से 2027 के लिये सेल एथलेटिक्स अकादमी में प्रवेश हेतु 23 अक्टूबर से चयन स्पर्धा शुरू हुई है, जो 26 अक्टूबर 2024 तक चलेगी। यह चयन स्पर्धा दौड, जम्प और थ्रो के विभिन्न श्रेणियों के लिए आयोजित की जा रही है। यह चयन स्पर्धा केवल बालक वर्ग हेतु 20 रिक्तियों हेतु आयोजित की जा रही है। अकादमी में प्रवेश हेतु खिलाड़ियों को बैटरी टेस्ट, इवेंट्स टैस्ट व चिकित्सीय परीक्षण में अपनी योग्यता साबित करनी होगी तथा खिलाड़ियों का चयन चिकित्सीय परिक्षण एज वेरिफिकेशन के पश्चात ही प्रविण्यता के आधार पर किया जा रहा है। चयन स्पर्धा में भाग लेने बाहर से आये प्रतिभागियों एवं उनके पालक या प्रशिक्षक को आवास की सुविधा प्रदान की गई है।

अकादमी में चयन के पश्चात विभिन्न सुविधाएँ दी जाएंगी। प्राशिक्षण की अवधि तीन वर्ष की होगी तथा प्रत्येक वर्ष प्रगति (परफारमेन्स) की समीक्षा कर अवधि में वृद्धि की जा सकती है। प्रत्येक कैडेट का बैटरी टेस्ट के द्वारा प्रत्येक माह प्रगति (परफारमेन्स) का अवलोकन किया जायेगा। अकादमी में चयन के पश्चात खिलाडियों को सर्व सुविधा युक्त निःशुल्क आवास व्यवस्था, निःशुल्क संतुलित आहार, स्टाइपेन्ड -प्रथम वर्ष रू.1000/- प्रतिमाह, द्वितीय वर्ष रू.1200/- प्रतिमाह एवं तृतीय वर्ष रू.1500/- प्रतिमाह प्रदान की जायेगी। भिलाई इस्पात संयंत्र के अस्पताल में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा और संयंत्र के विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा की सुविधा होगी। प्लेयिंग किट-दो जोडी वेस्ट एवं शार्टस्, जूते, मोजे, एक जोडी स्पाईक एवं ट्रेक सूट दिए जाएंगे। सेरिमोनियल ड्रेस एक जोडी-शर्ट, पेंट, टाई, कोट, मोजे, लेदर शूज तथा ब्लेजर क्रेस्ट सहित (तीन वर्ष में एक बार) प्रदान की जायेगी। वर्ष में एक बार गृह नगर जाने हेतु एक माह की छुट्टी जिसके लिये जाने-आने का रेल/बस किराया (न्यूनतम दूरी का) प्रदान किया जाएगा। साथ ही मल्टी जिम की सुविधा भी प्रदान की जायेगी। उल्लेखनीय है कि, पूर्व में अकादमी के प्रशिक्षित कैडेट्स की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में सराहनीय उपलब्धियां रही हैं, जिसके आधार पर कैडेट्स को शासकीय एवं अन्य नौकरियों में प्राथमिकता मिली है, तथा अधिकतर अकादमी कैडेट्स शासकीय पदों पर कार्यरत है।


---

स्ट्रोक का खतरा वैश्विक स्तर पर बढ़ता जा रहा, सावधानी ही बचाव

# माइग्रेन रोगियों में स्ट्रोक का खतरा अधिक, इन स्वास्थ्य समस्या वाले भी रहें सावधान

कुछ दशकों पहले तक इसे उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्या के तौर पर जाना जाता था, हालांकि अब युवा आबादी भी इसकी शिकार होती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़ों के मुताबिक हर साल डेढ़ करोड़ से अधिक लोग स्ट्रोक के शिकार हो रहे हैं और करीब 50 लाख लोगों की मौत हो जाती है। आंकड़ों के मुताबिक 45 वर्ष से कम उम्र के लगभग 70,000 अमेरिकियों को स्ट्रोक होता है। लगभग 10 से 15 प्रतिशत वयस्कों में समय के साथ ये जोखिम बढ़ रहा है।

स्ट्रोक के बढ़ते जोखिमों की रोकथाम और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्ट्रोक के शिकार लोगों को बेहतर देखभाल सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से हर साल 29 अक्तूबर को विश्व स्ट्रोक दिवस मनाया जाता है। स्ट्रोक को लेकर बड़ा सवाल ये है कि युवा इसके शिकार क्यों हो रहे हैं और इससे बचाव के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?



### दो प्रकार के होते हैं स्ट्रोक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, स्ट्रोक दो प्रकार के होते हैं: इस्केमिक और हेमोरेजिक। सबसे अधिक मामले इस्केमिक स्ट्रोक के रिपोर्ट किए जाते हैं जो मस्तिष्क तक जाने वाली धमनी में रक्त के थक्कों के निर्माण के परिणामस्वरूप होती है। वहीं हेमोरेजिक स्ट्रोक, तब होता है जब मस्तिष्क में या उसके पास रक्त वाहिका फट जाती है। हमारे जीवनशैली की कई गड़बड़ आदतों के कारण रक्त वाहिकाएं अवरुद्ध हो सकती हैं, जिसको लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए।

### युवाओं में स्ट्रोक के कारण


युवा वयस्कों में स्ट्रोक के बढ़ते खतरे के लिए जिन जोखिम कारकों को प्रमुख माना जा रहा है उनमें गड़बड़ लाइफस्टाइल, धूम्रपान-शराब का सेवन, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या है। जिन लोगों के परिवार में किसी को स्ट्रोक हो चुका है उनमें भी इसका खतरा अधिक देखा जाता रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, कुछ प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं जैसे माइग्रेन और हार्ट की बीमारी वाले लोगों में भी स्ट्रोक होने का खतरा अधिक हो सकता है।

### माइग्रेन रोगियों को बरतनी चाहिए सावधानी

अध्ययनकर्ता कहते हैं, यह प्रमाणित नहीं होता है कि माइग्रेन की समस्या सीधे तौर पर स्ट्रोक का कारण बनती है, हालांकि अगर आपको माइग्रेन है तो आपको स्ट्रोक का खतरा थोड़ा अधिक हो सकता है। स्ट्रोक और माइग्रेन दोनों मस्तिष्क की ही समस्याएं हैं और कभी-कभी माइग्रेन के लक्षण स्ट्रोक की तरह ही हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, माइग्रेन से पीड़ित व्यक्ति जो धूम्रपान भी करते हैं उन्हें स्ट्रोक का जोखिम अधिक होता है।

### हार्ट की समस्या है तो भी रहें अलर्ट

जिन लोगों को हृदय की समस्या है या जिनको जन्मजात ये परेशानी रहती है, उनमें भी स्ट्रोक होने का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। रक्त के थक्के हृदय और मस्तिष्क दोनों रक्त वाहिकाओं के लिए समस्या बढ़ाने वाले हो सकते हैं और इससे हार्ट अटैक का भी खतरा रहता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों को हार्ट की समस्या रही है उन्हें स्ट्रोक को लेकर अलर्ट रहने की आवश्यकता है।



---



## जीवन में सुख-समृद्धि लाते हैं वास्तु के आसान उपाय

अक्सर वास्तु शास्त्र के हिसाब से घर का निर्माण कराया जाता है। साथ ही घर की सभी चीजों को वास्तु के आधार पर ही रखा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यदि वास्तु शास्त्र के नियमों के अनुसार कार्य ना किए जाएं तो घर में कलेश व आर्थिक तंगी बनी रहती हैं। हमारे आसपास रखी चीजें हमारे जीवन पर प्रभाव डालती हैं। वास्तु का सीधा संपर्क हमारे जीवन से जुड़ा होता है। कई बार हम कुछ ऐसे सामान की खरीदारी कर लेते हैं, जिन्हें वास्तु शास्त्र में अशुभ माना गया है। कई बार ये चीजें हमारी तरक्की के मार्ग में नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। ऐसे में जरूरी है कि घर में रखी सभी चीजों को वास्तु के अनुसार रखा जाएं। ऐसा करने से तरक्की के नए मार्ग खुल सकते हैं। क्योंकि ऐसा माना जाता है वास्तु के नियमों का पालन करने से तरक्की के अवसर



प्राप्त किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में आइए जानते हैं कि वास्तु के किन उपायों के करने से तरक्की के मार्ग खुल जाते हैं।

### तुलसी का पौधा

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में पेड़-पौधों को लगाना शुभ माना गया है। हालांकि, इनमें तुलसी का अहम स्थान है। दरअसल वास्तु के मुताबिक हर घर में तुलसी का पेड़ होना बेहद जरूरी हैं। कहा जाता है कि जिन घरों में तुलसी का पौधा होता है, वहां पर खुशहाली रहती हैं।

### घी का दीपक

वास्तु शास्त्र के अनुसार, सभी को अपने घर या दुकान के पूजा स्थल पर रोजाना घी का दीपक जलाना चाहिए। इसके अलावा शाम की पूजा के दौरान कपूर जलाकर आरती करनी चाहिए। ऐसा करने से उस स्थान पर सकारात्मक ऊर्जा बढ़ने लगती हैं।

### इस जगह पर न रखें झाड़ू

धार्मिक मान्यता है कि, कभी भी घर के मुख्य द्वार पर झाड़ू नहीं रखनी चाहिए। इससे मां लक्ष्मी रूठ जाती हैं। वास्तु शास्त्र में भी इस बात का जिक्र हैं कि, मुख्य द्वार या उसके आस-पास झाड़ू नहीं रखनी चाहिए। इससे घर में कलेश बढ़ता है। साथ ही घर में सुख-शांति नहीं आती है।

### जूठे बर्तन छोड़ना

वास्तु शास्त्र के अनुसार, इंसान को कभी भी रात के जूठे बर्तन रसोईघर में नहीं छोड़ने चाहिए। ऐसा करने से घर में कंगाली आती है। ऐसी मान्यता भी हैं कि, रात के जूठे बर्तन को छोड़ने से पूर्वज नाराज हो जाते हैं और घर का सुख चैन समाप्त हो जाता है।

### यहां कभी न उतारे जूते-चप्पल

आमतौर पर कुछ लोग अपने बेडरूम में चप्पल ले जाते हैं। हालांकि, ऐसा करना गलत है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, जूते-चप्पल हमेशा घर के बाहर निकालने चाहिए। साथ ही एक निश्चित स्थान पर उन्हें सही से रखना चाहिए।



---

## नरक चतुर्दशी के दिन ग्रह दोष से छुटकारा पाने के लिए क्या करें और क्या न करें?



हिंदू धर्म में सभी त्योहारों को पूरे विधि-विधान के साथ मनाने की परंपरा है। वहीं कार्तिक माह में आने वाली छोटी दिवाली को नरक चतुर्दशी के नाम से जाना जाता है। इस दिन क्या करें और क्या न करें। इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

नरक चतुर्दशी के दिन विशेष रूप से भगवान शिव, श्रीकृष्ण, पवनपुत्र हनुमान, माता काली और यमराज की पूजा करने का विधान है। अब ऐसे में इस दिन कुछ ऐसे काम हैं, जिन्हें करने से शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है और कुछ ऐसे काम भी जिन्हें करने की मनाही है। अब ऐसे में नरक चतुर्दशी के दिन क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित विजयकांत भट्ट से विस्तार से जानते हैं।

नरक चतुर्दशी के दिन सुबह सूर्योदय से पहले स्नान करें और माथे पर चंदन का तिलक जरूर लगाएं। नरक चतुर्दशी के दिन यम के नाम की दीपक जरूर जलाएं। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन यम की पूजा करने से अकाल मृत्यु से छुटकारा मिल जाता है। नरक चतुर्दशी के दिन पूरे शरीर पर सरसो तेल से मालिश करना चाहिए और फिर ठंडे पानी से स्नान करना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि चतुर्दशी के दिन माता लक्ष्मी का वास होता है और इससे उनकी कृपा बनी रहती नरक चतुर्दशी के दिन भगवान श्रीकृष्ण की पूजा विशेष रूप से करनी चाहिए। इस दिन उनकी सेवा करने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती है और उत्तम परिणाम मिलते हैं। नरक चतुर्दशी के दिन 14 दीए जलाने की मान्यता है। साथ ही इसे अलग-अलग स्थान पर रख दें। नरक चतुर्दशी के दिन माता काली की पूजा भी जरूर करें। इनकी पूजा करने से सभी भय से छुटकारा मिल सकता है।

### नरक चतुर्दशी के दिन क्या नहीं करना चाहिए?

नरक चतुर्दशी के दिन यम देवता की पूजा-अर्चना करने का विधान है। इसलिए इस दिन किसी भी जीव को न मारें और न ही परेशान करें। नरक चतुर्दशी के दिन घर की दक्षिण दिशा को गंदा नहीं रखना चाहिए। नरक चतुर्दशी के दिन किसी भी व्यक्ति को दान करने से बचें। ऐसा करने से माता लक्ष्मी नाराज हो सकती हैं। नरक चतुर्दशी के दिन मांस और मदिरा का सेवन भी नहीं करना चाहिए। नरक चतुर्दशी के दिन सोने से बचना चाहिए। इससे माता लक्ष्मी नाराज हो सकती हैं और घर में भी दरिद्रता का वास होता है।

## माइक्रोवेव में बना सकते हैं इंस्टेंट मग पास्ता, फॉलो करें ये आसान टिप्स



आपने भी यकीनन माइक्रोवेव का इस्तेमाल कई तरह से किया होगा, लेकिन क्या कभी पास्ता बनाने के लिए किया है? अगर नहीं, तो एक बार करके देखिए। ऐसा करने से न सिर्फ आपका टाइम बचेगा, बल्कि मजा भी आएगा। तो देर किस बात की आइए विस्तार से जानते हैं माइक्रोवेव में पास्ता बनाने के टिप्स-

### सही मग इस्तेमाल करें

पास्ता के लिए जरूरी है सही मग का होना। अगर आपका मग ही सही नहीं होगा, तो आपको दिक्कत हो जाएगी। पास्ता सही ढंग से नहीं बनेगा और कहीं से कच्चा तो कहीं से पका हुआ रहेगा। इसलिए मग हमेशा ऐसा सेलेक्ट करें, जिसमें पास्ता अच्छी क्वांटिटी में आ जाए और ऊपर से जगह भी बच जाए।

इसके लिए आप इंस्टेंट मग पास्ता के लिए एक बड़े और माइक्रोवेव-सेफ मग का इस्तेमाल करें, ताकि पास्ता को पकाने के दौरान उबालते समय पानी बाहर ना निकले। यह ध्यान रखें कि मग इतना बड़ा हो कि पास्ता और बाकी सामग्री अच्छी तरह से उसमें आ जाए।

पास्ता कासही मात्रा का रखें ध्यान

मग में पास्ता डालते समय उसकी मात्रा का ध्यान रखें। आमतौर पर आधा कप पास्ता पर्याप्त होता है। साथ ही, पास्ता को पकाने के लिए लगभग एक कप पानी डालें। इससे पास्ता अच्छी तरह पक जाएगा और मग में ज्यादा जगह भी बचेगी।

अगर आप पानी और पास्ता का सही इस्तेमाल नहीं करेंगे, तो पास्ता कच्चा रह सकता है। इसलिए जरूरत से ज्यादा पास्ता और जरूरत से ज्यादा पानी का इस्तेमाल न करें, दोनों की मात्रा का ध्यान रखें।

### पूरी तरह से पकाएं

अगर पास्ता पूरी तरह से नहीं पकता है, तो थोड़ा और पानी डालें और एक या दो मिनट के लिए और पकाएं। हर बार पकाने के बाद इसे चेक करें और देख लें कि पास्ता नर्म हो गया है या नहीं। इसके लिए आप चम्मच का इस्तेमाल करें, जिसमें थोड़ा-सा निकालकर देखें।अगर आप पास्ता पक गया है, तो इसमें 1/4 कप दूध और 1/4 कप कसा हुआ चीज डालें। यह पास्ता को क्रीमी बनाएगा और इसका स्वाद बढ़ाएगा। यकीन आपका पास्ता बहुत ही अच्छा बनेगा।

---

कार्नर न्यूज

दीपावली में बच्चों को उपहार देने आज बाजार में ढेरों विकल्प मौजूद

# दीपावली पर अपने बच्चों को नए कपड़े ही नहीं, देना चाहिए शानदार उपहार भी

नवरात्रि के बाद अब घरों में दीपावली की तैयारियां चल रही है। ज्यादातर घरों में अक्सर यह दुविधा होती है कि नए कपड़े बनाने के साथ बच्चों को गिफ्ट में क्या दिया जाए। वैसे तो दीपावली का मौका नए कपड़ों, मिठाई और पटाखों के लिए होता है लेकिन अब बच्चों को उपहार भी इस मौके पर मिल जाए तो क्या बात हो। दीपावली पर उपहार ऐसे होने चाहिए जिन्हें देखने के बाद बच्चे उत्साहित हो जाएं। कोशिश करें कि उपहार देते वक्त उनकी जरूरत और पसंद दोनों का ख्याल रखा जाए, इससे उन्हें भी खुशी होगी। बोर्ड गेम्स बच्चों को आप बोर्ड गेम्स गिफ्ट कर सकते हैं, यह उनकी मानसिक विकास के लिए उपयुक्त है। आजकल बच्चों का गेम में काफी इंटरेस्ट होता है। इसके जरिए उन्हें पढ़ाई से जुड़ाव महसूस होगा। यही नहीं बोर्ड गेम्स के अलावा पजल या कैरम गिफ्ट कर सकती हैं, जिसके जरिए वह खुद को एंटरटेन भी कर सकेंगी।



### रेड ड्रेस करें गिफ्ट

आप बच्चों की पसंद का उन्हें रेड एथनिक या फिर वेस्टर्न ड्रेस गिफ्ट कर सकती हैं। नए कपड़े बच्चों को काफी पसंद होते है। आप चाहें तो सभी बच्चों को एक तरह की ड्रेस दें सकती हैं। दरअसल, लाल वृद्धि का प्रतीक माना जाता है, इसलिए बच्चों को लाल रंग का वस्त्र या फिर अन्य चीजें गिफ्ट की जाती है।

### आर्टिफिशियल ज्वेलरी

बेटियों को कपड़ों के बाद ज्वेलरी काफी पसंद होती है। हालांकि, कुछ लोग गोल्ड और सिल्वर ज्वेलरी गिफ्ट करते हैं, लेकिन अगर आपका बजट कम है तो आर्टिफिशियल ज्वेलरी गिफ्ट करें। बेटियों को सजना संवरना काफी पसंद है, ऐसे में वह इस तरह के गिफ्ट को देखने के बाद खुश हो जाएंगी। हेयर बैंड, नेकलेस,ईयररिंग्स,बैंगल जैसी कई चीजें,जो आप बेटियों को गिफ्ट में दें सकती है।

### स्टेशनरी की चीजें

बच्चों को आप स्टेशनरी की चीजें गिफ्ट कर सकती हैं। यह उनकी जरूरत की चीजें हैं, जिसे वह बाद में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। पेंटिंग बुक, पेंसिल बॉक्स, नोटबुक, पेन और पेंसिल का सेट आदि उन्हें गिफ्ट कर दें। बच्चों की उम्र के अनुसार आप उन्हें स्टेशनरी के समान गिफ्ट करें।

### मिनी होम करें गिफ्ट

बच्चों को घर-घर खेलना काफी पसंद होता है, ऐसे में उन्हें मिनी होम गिफ्ट कर सकते हैं। वहीं इसके साथ किचन या गेम सेट भी दिया जा सकता है। बच्चों के यह पसंदीदा खिलौने होते हैं, जिसकी डिमांड वो अक्सर करती रहते हैं। आप चाहें तो बच्चों के लिए ऑप्शन रख सकती हैं, जिसे वह अपने अनुसार चुन सकती हैं। उपहार देने का यह तरीका उन्हें पसंद आएगा।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# नोलन की आगामी फिल्म में नजर आएंगे टॉम हॉलैंड



क्रटॉम हॉलैंड कहें या थॉमस स्टैनली हॉलैंड हॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता हैं। टॉम को मार्वल सिनेमेटिक यूनिवर्स में स्पाइडर मैन के रूप में प्रशंसक बेहद पसंद करते हैं। टॉम प्रशंसकों के बीच पीटर पार्कर के नाम से भी प्रसिद्ध हैं। उन्होंने कैप्टन अमेरिकाः सिविल वॉर और स्पाइडर-मैनः होमकमिंग में पीटर पार्कर की भूमिका से दर्शकों का दिल जीता है। ताजा जानकारी के अनुसार, टॉम अब क्रिस्टोफर नोलन की आगामी फिल्म का हिस्सा होंगे। टॉम हॉलैंड इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म स्पाइडर-मैन 4 को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। टॉम के प्रशंसक भी उनको एक बार फिर से पीटर पार्कर के रूप में देखने के लिए बेकरार हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टॉम ने हॉलीवुड निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन के साथ उनकी आगामी फिल्म के लिए हाथ मिला लिया है। हॉलीवुड निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें उन्होंने लीड रोल के लिए टॉम हॉलैंड से संपर्क किया है। इस फीचर फिल्म में टॉम के अलावा मैट डैमन के होने की भी बात सामने आई है। इस फिल्म की पटकथा और निर्देशन की पूरी जिम्मेदारी क्रिस्टोफर उठाएंगे। नोलन अपनी प्रोडक्शन पार्टनर और पत्नी एम्मा थॉमस के साथ मिलकर इस फिल्म का निर्माण करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार टॉम और क्रिस्टोफर की इस आगामी फिल्म को 17 जुलाई, 2026 में रिलीज कर दिया जाएगा। निर्देशक क्रिस्टोफर की इस आगामी फिल्म में उन्हें उस स्टूडियो के साथ फिर से जोड़ दिया है, जिसने उनकी ड्रामा फिल्म ओपेनहाइमर बनाई थी और उन्हें उनके पहले ऑस्कर पुरस्कार तक पहुंचाया था। फिल्म ओपेनहाइमर के लिए क्रिस्टोफर को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार भी मिल चुका है, जिसने दुनिया भर में 976 मिलियन डॉलक की चौंका देने वाली कमाई की थी।

### टॉलीवुड

# कार्ति की 'मेयाझगन के लिए खत्म हुआ फैंस का इंतजार, 27 को ओटीटी पर



तमिल फिल्मों के बड़े स्टार कार्ति की हालिया रिलीज फैमिली ड्रामा फिल्म 'मेयाझगन' को घर बैठे देखने का इंतजार कर रहे फैंस के लिए खुशखबरी है। तेलुगु में 'सत्य सुंदरम' के नाम से रिलीज हुई ये फिल्म जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। भावनात्मक रूप से बेहद गंभीर ये फिल्म 27 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा। सिनेमाघरों में दर्शकों का प्यार पाने के बाद निर्माताओं को उम्मीद है कि फिल्म को ओटीटी पर भी दर्शकों से काफी प्यार मिलने वाला है। सी प्रेम कुमार द्वारा निर्देशित 'मेयाझगन' सिनेमाघरों में 25 दिन की सफल दौड़ पूरी करने के बाद अब ओटीटी पर रिलीज होने को तैयार है। इस फिल्म का प्रीमियर 27 अक्तूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा। घर बैठ कर इस फिल्मों को देखने का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए ये फिल्म तमिल और तेलुगु के अलावा हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में भी रिलीज होगी। आज, मंगलवार को नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने सोशल मीडिया अकांउट्स के जरिए पोस्टर साझा कर इसकी जानकारी दी है।

बात करें फिल्म की, तो इसमें कार्ति के साथ अरविंद स्वामी, राजकिरण, श्री दिव्या, देवदर्शिनी, जयप्रकाश, श्रीरंजनी, इलावरसु, करुणाकरण और सरन शक्ति जैसे कलाकार नजर आए हैं। फिल्म का निर्माण तमिल स्टार जोड़ी ज्योतिका और सूर्या ने 2डी एंटरटेनमेंट के तहत किया है। फिल्म का संगीत गोविंद वसंथा ने दिया है। वहीं, फिल्म का निर्देशन सी. प्रेम कुमार ने किया है, जिन्हें उनकी पिछली फिल्म 96 से फिल्म इंडस्ट्री में शानदार पहचान मिली है।

### भोजपुरी

# अंजना की 'हे छठी मईया हमार मनसा पुरईह' का ट्रेलर रिलीज, दिखाएंगी छठ महापर्व की महिमा



बिहार और उत्तर प्रदेश में मनाए जाने वाले छठ महापर्व की पृष्ठभूमि पर आधारित भोजपुरी फिल्म 'हे छठी मईया हमार मनसा पुरईह' का शानदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म का निर्माण वर्ल्डवाइड फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले किया गया है। फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह, विनय सिंह और प्रतीक सिंह हैं। फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक लाल बाबू पंडित ने किया है, जबकि अरविंद तिवारी ने फिल्म की कहानी लिखी है। 4 मिनट 17 सेकेंड के ट्रेलर वाले इस फिल्म 'हे छठी मईया हमार मनसा पुरईह' को लेकर निर्माता प्रदीप सिंह ने बताया कि यह फिल्म हमारे समाज और संस्कृति से गहरे जुड़ी हुई है, खासकर छठ महापर्व के धार्मिक और सामाजिक पहलुओं को खूबसूरती से प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा, 'छठ पूजा बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड जैसे राज्यों में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण पर्व है, और इसे लेकर लोगों की भावनाएं बहुत गहरी होती हैं। हमने इस फिल्म के जरिए छठ पूजा की महिमा और उसकी परंपराओं को बड़े पर्दे पर सजीव रूप में दिखाने का प्रयास किया है।' प्रदीप सिंह ने यह भी कहा कि फिल्म में छठी मैया के प्रति श्रद्धा, भक्तों के समर्पण, और पर्व के दौरान समाज में आने वाली एकता को बड़ी बारीकी से उकेरा गया है। उनका मानना है कि यह फिल्म दर्शकों को अपनी जड़ों से जोड़ने का काम करेगी।

## लाइफ स्टाइल

### टाइटलर का शो



सिद्धार्थ टाइटलर देश-विदेश में अपने अनूठे फैशन डिजाइन की वजह से अलग पहचान रखते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग से निकले सिद्धार्थ ने पिछले दिनों इंडिया फैशन वीक नई दिल्ली में अपने कलेक्शन पेश किए। दिलचस्प संरचनाओं, बोल्ड रंगों और शार्प कट्स को पसंद करते हुए, टाइटलर के कलेक्शन कई मूड का एक उदार मिश्रण बताया गया। सिद्धार्थ ने यहां कॉटन, मलमल, लिनेन और क्रेप्स जैसे हल्के, आरामदायक कपड़ों में गर्मियों की शैलियों से लेकर ऊन, चमड़े, रेशम और साबर का उपयोग करके सर्दियों के संग्रह तक सब कुछ पेश किया, जिसे भरपूर तारीफ मिली।

# लंबे बालों के लिए लगाएं ये पैक, जानें बनाने का तरीका


बाल लंबे नजर आए इसके लिए हम अक्सर अलग-अलग ट्रीटमेंट लेते हैं। कई समय तक तो इसका असर नजर आता है। लेकिन कुछ समय बाद बाल पहले की तरह खराब होने लगते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम हेयर केयर रूटीन को सही तरीके से फॉलो नहीं कर पाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप सही हेयर पैक को बालों में लगाएं। इससे आपके बाल नेचुरली लंबे हो जाएंगे। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के हेयर पैक को आप बालों में लगा सकती हैं।

### करी पत्ता और गुडहल के फूल का हेयर पैक

घरों में करी पत्ता और गुड़हल के फूल आसानी से मिल जाते हैं। इसे लगाने से बाल लंबे भी हो जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ये पुरानी और सबसे अच्छा घरेलू नुस्खा है। पहले लोग इसी का तेल बनाकर अपने बालों में लगाते थे। आप इसका हेयर पैक बनाकर अपने बालों में अप्लाई कर सकती हैं।

### इस तह बनाएं हेयर पैक

इसके लिए आपको करी पत्ते की कुछ



पत्तियों को पानी से साफ करके मिक्सी में डालना है। अब इसमें एक गुड़हल के फूल की पत्तियों को डालना है।थोड़ा सा दही और एलोवेरा जेल मिक्स करें। हल्का पानी डालकर पेस्ट बनाएं। अब इसे अपने बालों में अप्लाई करें।इसे 30 मिनट के लिए बालों में लगा रहने दें।फिर पानी से बालों को साफ कर लें। इससे आपके बाल कुछ ही दिनों में लंबे हो सकते हैं।

### मेथी और नारियल तेल का हेयर पैक

मेथी दाना भी बालों के लिए अच्छा होता है। आप इसका भी हेयर पैक बालों में लगाएंगी, तो बालों की ग्रोथ होनी शुरू हो जाएगी। साथ ही, बाल जल्दी काले भी नही होंगे। इसके साथ आप नारियल के तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। हेयर पैक बनाने के लिए आपको 2 चम्मच मेथी दाना लेना है। इसे रातभर भिगोकर रखना है। अब इसे अगली सुबह पानी निकालकर मिक्सी में डालना है और पीस लेना है। इसे एक कटोरी में निकालना है और 2 चम्मच नारियल का तेल मिक्स करना है। इस मिश्रण को बालों की जड़ों और स्कैल्प पर लगाएं। इसे 1 घंटे तक लगा रहने दें और फिर माइल्ड शैम्पू से धो लें। इसके इस्तेमाल से आपके बालों की ग्रोथ अच्छी हो जाएगी।बालों को लंबा करने के लिए जरूरी है कि आप सही तरीके की चीजों को लगाना शुरू करें।

# चाहती हैं अट्रैक्टिव लुक तो स्टाइल करें लेटेस्ट डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट




दिवाली की रात को सभी महिलाएं ब्यूटीफुल लुक चाहती हैं और इस खास मौके पर पहनने के लिए आपको बाजार में कई तरह के आउटफिट मिल जाएंगे। लेकिन, अगर आप अट्रैक्टिव लुक चाहती हैं तो आप ये लेटेस्ट डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट स्टाइल कर सकती हैं। हम आपको कुछ को-ऑर्ड सेट दिखा रहे हैं जो दिवाली की नाइट में पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। इसी के साथ हम आपको अट्रैक्टिव लुक पाने के लिए इन्हें स्टाइल करने की टिप्स भी बताएंगे।

### फ्यूजन को-ऑर्ड और प्रिंटेड श्रग



दिवाली पर अट्रैक्टिव लुक पाने के लिए आप इस तरह की फ्यूजन को-ऑर्ड और प्रिंटेड श्रग स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के को-ऑर्ड आपको कई सारे कलर ऑप्शन में मिल जाएंगे और इसके साथ फ्लोरल प्रिंट श्रग अट्रैक्टिव लुक देने का काम करेगा। यह आउटफिट अट्रैक्टिव लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसे आप 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस आउटफिट के साथ आप झुमके और फुटवियर में आप मोजरी पहन सकती हैं।

### प्रिंटेड को-ऑर्ड



इस तरह के प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट भी आपके लुक को अट्रैक्टिव बनाने का काम करेंगे और इस आउटफिट को आप बेहद ही खूबसूरत नजर आएंगी। इस को-ऑर्ड में क्रॉप टॉप है प्लाजो है और इस आउटफिट को स्टाइल करने के बाद आप बेहद ही खूबसूरत नजर आएंगी। इस आउटफिट को आप 1,500 से 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस आउटफिट के साथ आप लॉन्ग इयरिंग्स और साथ हो फुटवियर में फ्लैट्स पहन सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क को-ऑर्ड

यहएम्ब्रॉयडरी वर्क को-ऑर्ड भी आप दिवाली के मौके पर स्टाइल कर सकती हैं जो कि न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है। इस आउटफिट मेंएम्ब्रॉयडरी की गई है और इस आउटफिट को आप 1,000 से 2,000 रुपये में खरीद सकती हैं। इस आउटफिट के साथ आप पर्ल वर्क वाली सिंपल ज्वेलरी साथ हो फुटवियर में आप फ्लैट्स पहन सकती हैं। सिंपल लुक पाने के लिए आप इस तरह के सिल्क को-ऑर्ड सेट का भी चुनाव कर सकती हैं ये सिंपल है लेकिन इस आउटफिट में आप भीड़ से अलग नजर आएंगी।

# आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेंगी पर्ल वर्क ज्वेलरी

अपने आउटफिट को ब्यूटीफुल लुक देने के लिए महिलाएं ज्वेलरी का चुनाव करती हैं। ज्वेलरी जहां आपके लुक को कंप्लीट करने का काम करता हैं तो वहीं ज्वेलरी वियर करने के बाद आप खूबसूरत भी नजर आती हैं। लेकिन, अगर आप फेस्टिव सीजन में न्यू लुक पाना चाहती हैं तो आप इस तरह की पर्ल वर्क ज्वेलरी वियर कर सकती हैं। यह पर्ल वर्क ज्वेलरी में जहां फेस्टिव सीजन में आपके लुक को रॉयल बनाने का काम करेगा तो वहीं इस ज्वेलरी को वियर करने के बाद आप खूबसूरत भी नजर आएंगी।

### मोती स्टाइल पर्ल वर्क ज्वेलरी

इस तरह की मोती वर्क पर्ल वर्क ज्वेलरी आप फेस्टिवल सीजन में अपने आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस पर्ल वर्क ज्वेलरी में मोती वर्क किया हुआ है साथ ही यह गोल्ड प्लेटेड है। इस तरह की मोती स्टाइल पर्ल वर्क ज्वेलरी आप 500 रुपये में खरीद सकती हैं। यह मोती स्टाइल पर्ल वर्क ज्वेलरी आप साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती है।

मोती स्टाइल पर्ल वर्क ज्वेलरी में आप इस



तरह की ज्वेलरी भी फेस्टिव सीजन में अपने आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं जो कि न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है।

### मिरर स्टाइल पर्ल वर्क वर्क ज्वेलरी

पर्ल वर्क में आप इस मिरर वर्क ज्वेलरी का चुनाव कर सकती हैं। इस ज्वेलरी में मिरर वर्क किया हुआ है जो आपके आउटफिट को रॉयल बनाने के काम करेगा। मिरर वर्क पर्ल ज्वेलरी में बेहद ही खूबसूरत डिजाइन में है और अगर आप लहंगा वियर कर रही हैं तो आप इस तरह की ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। यह मिरर वर्क पर्ल ज्वेलरी आप 600 से 700 रुपये में खरीद सकती हैं।

# चांद से निखार के लिए इस तरह करें स्किन की केयर

दिवाली के मौके पर महिलाएं बेस्ट आउटफिट का चुनाव करती हैं साथ ही ये भी चाहती हैं कि इस दौरान उनका चेहरे की चमक बनी रही। वहीं चेहरे की चमक बनी रहे और इस मौके पर स्किन से जुड़ी समस्या पैदा न हो इसके लिए हम आपको कुछ चीजों के बारे में बता रहे हैं। ये सभी चीजें स्किन की केयर करने और चमक बनाए रखने के लिए उपयोगी साबित हो सकती हैं। वहीं इन चीजों को अपने स्किन केयर रूटीन में भी शामिल कर सकती हैं।

### मुल्तानी मिट्टी के फेस मास्क करें ट्राई

चेहरे की चमक बनी रहे इसके लिए आप मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल कर सकती हैं। मुल्तानी मिट्टी में औषधीय गुण होते हैं साथ ही इसमें एंटीसेप्टिक गुण भी होते हैं, जो स्किन से जुड़ी समस्या को कम करने में मददगार साबित हो सकते हैं। मुल्तानी मिट्टी को आप फेस मस्क की तरह का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### इस तरह करें इस्तेमाल

1 चम्मच मुल्तानी मिट्टी लें और इसमें पानी या



गुलाब जल मिलाएं। इस पेस्ट को चेहरे को अप्लाई करें और पेस्ट सूख जाने के बाद चेहरे को धो लें। इसके बाद चेहरे को मॉइस्चराइजर कर लें। वहीं इस उपाय को आप हफ्ते में दो दिन कर सकती हैं।

### गुलाब जल से करें चेहरे को क्लीन

चेहरे का ग्लो बना रहे इसके लिए आप गुलाब जल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। गुलाब जल में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो स्किन चेहरे के लिए लाभदायक हैं।

## कार्नर न्यूज

### लुक के साथ अपनी पैंट्स के स्टाइल को लेकर भी हो जाइए सीरियस

# हर मौके पर आपका बेस्ट लुक दिखाती हैं ऐसी पैंट्स, वॉर्डरोब में शामिल कर लें इन्हें

*अपनी कलेक्शन के लिए पैंट्स के कुछ ऐसे स्टाइल चुन लीजिए जो आपको हर मौके पर परफेक्ट लुक देंगे। पैंट बस फिटिंग देखकर खरीदना भी बंद कर दीजिए। आपको हर मौके के हिसाब से पर्फेक्ट पैंट चुननी होंगी ताकि आपका लुक परफेक्ट आए।*

### वूल ट्राउजर

वैसे तो ज्यादातर पुरुषों के कलेक्शन का हिस्सा नहीं होती है। लेकिन फिर भी आपको ये जरूर चुननी चाहिए। इसके साथ भी आप कई लुक बना सकते हैं। जैसे -इसके साथ फॉर्मल लुक चाहिए तो आपको इन पैंट्स के ऊपर सूट कोट चुनने होंगे। आप गाढ़े बेज वूल पैंट के साथ ब्लैक ब्लेजर चुनिए। अंदर सफ़ेद शर्ट जरूर चुनिए।





**चीनोज :** अगर आपके पास अच्छे चीनोज नहीं हैं तो खुद को स्टाइलिश कहना बिल्कुल छोड़ दीजिए। ये ऐसी पैंट हैं जो आपके लुक को तुरंत बदल देती हैं। ये आरामदायक भी खूब होती हैं, इसलिए हल्के-फुल्के मौकों पर इन्हें पहना जा सकता है। लेकिन खास बात ये है कि इसे पार्टीवियर लुक के लिए भी पहना जा सकता है बस आप ब्लैक चीनोज के साथ सिल्की ब्लैक शर्ट पहन लें।

**जॉगर्सः** जब-जब हम पैंट्स की बात करते हैं तो जॉगर्स का नाम कभी भी मन में नहीं आता है। इनके कई सारे पैटर्न्स भी बाजार में मिल जाते हैं। जैसे टाइटफिट, रेगुलर वन या लूज फिट। आप इनको स्मार्ट कैजुएल के तौर पर भी पहन सकते हैं। कलीग के साथ बाहर पार्टी करनी हो या डिनर डेट पर जाना हो आप इसको चुन सकते हैं। बस कॉम्बिनेशन सही बनाएं।

**ड्रास्ट्रिंग ट्राउजर्सः** ये एक ऐसी पैंट है जिसको सच में आरामदायक ही कहा जाना चाहिए। इनको गर्मी और सर्दी दोनों ही मौसम में पहना जा सकता है। आमतौर पर ये लिनेन फेब्रिक पर मिलती हैं। इन्हें आप नीली ड्रास्ट्रिंग ट्राउजर को सफेद लिनेन शर्ट के साथ पहनें। सर्दी में इसे पहनने के लिए मोटे कपड़े की ड्रास्ट्रिंग ट्राउजर चुनें। खाखी रंग की पैंट के साथ सफेद शर्ट और डेनिम जैकेट पहनें लुक अच्छा आएगा।

**डेनिम पैंट्स :** डेनिम पैंट के बिना तो आपका कलेक्शन मानिए कि अधूरा ही है। इसलिए इसको तो भूलना ही नहीं है। अगर आप जींस बहुत ज्यादा नहीं भी पहनते हैं तो भी। एक-दो अपने पास जरूर रखें।

